प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



सरकार की बदनामी- आशीष गोयल से नाराज़ हुए उर्जा मंत्री पेज- 2

वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक व महिला घायल पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 173 | रविवार 14 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# ग्लोबल साउथ की आवाज बनेगा भारत

## फ्रांस-स्लोवाकिया दौरे पर पीएम मोदी हुए रवाना, जी-7 समिट में होंगे शामिल

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास जताया है कि फ्रांस और स्लोवाकिया की उनकी यात्राओं से यूरोप और जी–7 समूह के साथ भारत के संबंध और मजबूत होंगे। श्री मोदी ने फ्रांस और स्लोवाकिया की छह दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि उनकी ये यात्राएं यूरोपीय महाद्वीप और उससे आगे भी भारत की साझेदारियों का दायरा बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता को भी बताती हैं। पीएम मोदी ने कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और स्लोवाक प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के निमंत्रण पर मैं 13–18 जून तक फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करूंगा। उन्होंने कहा, भारत के रणनीतिक दृष्टिकोण में फ्रांस का एक खास स्थान है। इस साल की शुरुआत में राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत का दौरा किया था, तब हमने अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया था। जब मैं नीस में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलूंगा, तो हम फरवरी के बाद हुई प्रगति की समीक्षा



करेंगे और अपने सहयोग के अगले कदमों पर चर्चा करेंगे। मैं आपसी हित के अहम वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम मोदी ने कहा कि वह फ्रांसीसी शहर नीस में 14 जून को राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत इनोवेट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। भारत–फ्रांस नवाचार वर्ष के तहत आयोजित होने वाला यह अहम कार्यक्रम भारत के सबसे होनहार स्टार्टअप को वैश्विक निवेश से जोड़ेगा और भारत के उच्च शिक्षा-इकोसिस्टम से निकलने वाले नवाचारों के लिए एक बड़े उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद वह 14–15 जून को राजकीय यात्रा के लिए स्लोवाकिया जाएंगे। वर्ष 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद से किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। यह ऐतिहासिक यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में बनी मजबूत गति को और आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा, मैं ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति पेलेग्रिनी और प्रधानमंत्री फिको के साथ चर्चा करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे स्लोवाकिया के प्रमुख व्यापारियों के साथ बातचीत करने का मौका भी मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से संबंधों में आयी गति को आगे बढ़ाते हुए, यह यात्रा यूरोपीय संघ के साथ रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि वह स्लोवाकिया से वापस फ्रांस के शहर एवियन लौटेंगे और 16–17 जून को जी–7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा, जी–7 में भारत की मौजूदगी हमारे सहयोगियों के हम पर भरोसे और हमारी बढ़ती वैश्विक पहचान को दर्शाती है। यह लगातार आठवां जी–7 शिखर सम्मेलन है, जिसमें भारत को आमंत्रित किया गया है। जी–7 में भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि ग्लोबल साउथ (विकासशील देशों) की आकांक्षाओं को भी आवाज देगा। मैं 18 जून को पेरिस में अपनी फ्रांस यात्रा का समापन करूंगा, जहां मैं राष्ट्रपति मैक्रों के साथ विवा टेक 2026 में शामिल होउंगा। विवा टेक तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में यूरोप का सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार इसमें भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय पवेलियन होगा, जो भारतीय और यूरोपीय नवाचार इकोसिस्टम के बीच साझेदारी की अपार संभावनाओं का एक बेहतरीन प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा, मैं पेरिस में जीवंत भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं, जो हमारे दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि फ्रांस और स्लोवाक गणराज्य की उनकी यात्राएं यूरोप और जी–7 के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव को और मजबूत करेंगी। साथ ही, ये यात्राएं इस महाद्वीप और उससे आगे भी अपनी साझेदारियों का दायरा बढ़ाने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करेंगी।

## राजनाथ सिंह ने कहा, आधुनिक तकनीकों ने युद्ध की परिभाषा पूरी तरह बदल दी है

(एजेंसी) हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में शामिल होने वाले नए अधिकारियों को आधुनिक संघर्ष के बदलते स्वरूप के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने की सलाह



देते हुए शनिवार को कहा कि बड़ी शक्तियों को अब युद्धक्षेत्र में पहले जैसी बढ़त हासिल नहीं है क्योंकि छोटी ताकतें भी विशेष रणनीति का इस्तेमाल कर भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। सिंह ने हैदराबाद के निकट स्थित भारतीय वायुसेना अकादमी में संयुक्त स्नातक परेड को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियों ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी है। रक्षा मंत्री ने कहा, पहले ऐसा लगता था कि बड़ी शक्तियों को युद्धक्षेत्र में निर्णायक बढ़त हासिल होती है लेकिन अब तुलनात्मक रूप से छोटी ताकतें भी अपने छोटे लेकिन खतरनाक हथियारों एवं नयी रणनीतियों से भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। आप सभी को यह बताने का मेरा उद्देश्य यही है कि आप युद्ध के हर स्वरूप के लिए मानसिक रूप से तैयार रहें। उन्होंने कहा, पहले सैनिक और सैन्य उपकरण स्पष्ट रूप से दिखाई देते थे, लेकिन अब आधुनिक युद्ध में रडार, उपग्रह, ड्रोन, सेंसर और रोबोटिक्स जैसी कई प्रणालियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अब ऐसे परिदृश्य भी देखने को मिल रहे हैं जिनमें विरोधियों की यातायात प्रणालियों और सीसीटीवी कैमरों को नियंत्रित किया जा रहा है। सिंह के अनुसार, युद्ध की परिभाषा काफी हद तक बदल गई है। उन्होंने कहा कि सेना में शामिल हुए अधिकारियों को युद्ध के आधुनिक तरीकों एवं रणनीतियों को समझना चाहिए तथा उनके अनुरूप ढलना, उन्हें अपनाना और जरूरत पड़ने पर उनमें बदलाव करना चाहिए। उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट तरीके से काम करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी परिदृश्य में समझदारी से आगे बढ़ने वाले देश अपने लिए स्थान बना रहे हैं। भारतीय वायुसेना को करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए उन्होंने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का उदाहरण दिया और अधिकारियों से वायुसेना की समृद्ध विरासत को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने वायुसेना में शामिल होने वाली महिला पायलटों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी बढ़ती संख्या से वायुसेना और अधिक शक्तिशाली, संतुलित एवं मजबूत हो रही है तथा यह समावेशी बल की ताकत को दर्शाता है। सिंह ने अत्यंत जोखिम भरे बचाव अभियानों में भारतीय वायुसेना की सफलता और संकट के समय विदेशी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना ने मानवीय अभियानों के दौरान भारतीय संस्कृति और मूल्यों की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। इस कार्यक्रम के साथ वायुसेना की विभिन्न शाखाओं के फ्लाइट कैडेट का सेना में शामिल होने से पहले का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

## विज्ञान का अर्थ लोक कल्याण, जिन देशों ने इसे अपनाया उन्होंने प्रगति की है, बीएचयू में बोले योगी

(एजेंसी) वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि विज्ञान लोक कल्याण के



लिए है और जिन देशों ने वैज्ञानिक सोच और नवाचार को अपनाया है, उन्होंने प्रगति की है। आदित्यनाथ ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में विज्ञान भारती के सातवें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की असली ताकत कृषि और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों में निहित है। उन्होंने कहा, विज्ञान का अर्थ लोक कल्याण है। जिन देशों ने विज्ञान को अपनाया उन्होंने प्रगति की है।श्श मुख्यमंत्री ने किसानों से जैविक और शून्य बजट प्राकृतिक खेती को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कृषि में रसायनों के अत्यधिक उपयोग के हानिकारक प्रभावों के प्रति किसानों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कृषि कभी भी घाटे का पेशा नहीं रही, जब किसान स्वयं नवाचार करते थे और पारंपरिक तरीकों को अपनाते थे। व्यापारियों और उद्यमियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि वे देश को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में वर्तमान में लगभग 96 लाख इकाइयां हैं, जो लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करती हैं। मुख्यमंत्री ने भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर भी प्रकाश डाला और अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ज्ञान जहां से भी आए, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। बाद में योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 करोड़ रुपये की लागत से बीएचयू में बन रहे नेशनल सेंटर फॉर एजिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए 200 बिस्तरों वाले सात मंजिला इस सुविधा केंद्र को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## अमरनाथ यात्रा सुरक्षा इंतजामों का अधिकारियों ने लिया जायजा, व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने पर जोर

(एजेंसी) जम्मू। आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने उन्नत सीसीटीवी निगरानी, घ्एकीकृत नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए मजबूत संचार नेटवर्क जैसे प्रौद्योगिकी–संचालित उपायों पर जोर दिया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा प्रबंधन एवं समन्वय को लेकर यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर सिंह ने की। बैठक में जिला पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, भारत–तिब्बत सीमा पुलिस, खुफिया एजेंसियों, नागरिक प्रशासन तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि



चर्चा का मुख्य विषय तीन जुलाई से शुरू होने वाली 57–दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा के सुरक्षित और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान जम्मू के एसएसपी ने उच्च स्तर की सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी संबंधित एजेंसियों को गश्त बढ़ाने, औचक जांच अभियान चलाने तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दलों (क्यूआरटी) की तैनाती करने के निर्देश दिये। प्रवक्ता ने बताया कि कानून–व्यवस्था प्रबंधन, भीड़ प्रबंधन, सीमा सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी–आधारित सुरक्षा उपायों पर विशेष जोर दिया गया, जिनमें उन्नत सीसीटीवी निगरानी, एकीकृत नियंत्रण कक्षों के माध्यम से निगरानी तथा त्वरित सूचना आदान–प्रदान और प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संचार नेटवर्क को मजबूत बनाना शामिल है। जम्मू के एसएसपी ने यात्रा के दौरान सुरक्षित वातावरण बनाये रखने में सामुदायिक सहभागिता और जनसहयोग के महत्व पर जोर दिया। प्रवक्ता ने बताया कि नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस इकाई या नियंत्रण कक्ष को देने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा सूचनाएं और आकलन साझा किये। उन्होंने दोहराया कि तीर्थयात्रियों और निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

## आईएमए पासिंग आउट परेड में दिखा महिलाओं का दम, राष्ट्रपति मुर्मू की मौजूदगी में 515 कैडेट्स ने लिया अंतिम पग

(एजेंसी) देहरादून। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उत्तराखंड के देहरादून में स्थित भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में पासिंग आउट परेड (पीओपी) का निरीक्षण किया और कैडेट की सलामी ली। आईएमए के चेटवुड हॉल के सामने ड्रिल स्क्वायर पर आयोजित 158वें सामान्य कोर्स एवं 141वें तकनीकी स्नातक कोर्स की परेड में 515 कैडेट पास आउट हुए। इनमें 481 भारतीय और 16 मित्र देशों के 34 अधिकारी कैडेट शामिल हैं। परेड की खास बात यह रही कि आईएमए के 93 साल के इतिहास में पहली बार नौ महिला कैडेट पुरुष कैडेटों के साथ पास आउट हुईं और सेना में अधिकारी बनीं। श्रीमती मुर्मू ने अपने संबोधन में युवा अधिकारियों से कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने महिला अधिकारियों को विशेष बधाई दी और इसे नारी शक्ति का सम्मान बताया। इस अवसर पर राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मुर्मू शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंची थीं। एक साल के भीतर उनका यह तीसरा देहरादून दौरा है।



## ईडी ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह के दो पूर्व अधिकारियों को किया गिरफ्तार, कंपनी ने दी प्रतिक्रिया

(एजेंसी) मुंबई। अधिकारियों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत रिलायंस अनिल अंबानी समूह (एडीएजी) के दो पूर्व अधिकारियों को मुंबई में गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के पूर्व निदेशक सतीश सेठ और गौतम दोशी को ट्रांजिट रिमांड पर लिया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से जुड़े 114.98 करोड़ रुपए के कथित लोन धोखाधड़ी मामले की जांच के तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और उनके परिसरों पर छापेमारी भी की थी। सतीश सेठ पहले रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उन्हें आगे की हिरासत के लिए दिल्ली की अदालत में पेश किया जाएगा। रिलायंस समूह के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा कि सतीश सेठ (70 वर्ष) और गौतम दोशी (73 वर्ष) का अब समूह से कोई संबंध नहीं है। प्रवक्ता ने कहा, सतीश सेठ ने समूह में समूह प्रबंध निदेशक के रूप में और कई कंपनियों के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में सेवाएं दी थीं। उन्होंने वर्ष 2025 में समूह छोड़ दिया था। गौतम दोशी ने भी समूह प्रबंध निदेशक और समूह के भीतर तथा बाहर कई कंपनियों के निदेशक के रूप में काम किया था। उन्होंने छह वर्ष पहले, वर्ष 2020 में समूह छोड़ दिया था। सीबीआई के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक उन 11 बैंकों के समूह का हिस्सा था, जिसने रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड को कुल 735 करोड़ रुपए की टर्म लोन सुविधा मंजूर की थी। माना जा रहा है कि ईडी ने सीबीआई की इसी शिकायत का संज्ञान लेकर बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में सतीश सेठ और गौतम दोशी की भूमिका की जांच शुरू की है। इससे पहले जून में सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्व समूह प्रबंध निदेशक अमिताभ झुनझुनवाला को कथित लोन धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों के अनुसार, इस मामले में कंपनी द्वारा एसबीआई को 2,929.05 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया था। अदालत में पेश किए जाने के बाद सीबीआई ने उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया था। इस बीच, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने गुरुवार को एसबीआई की याचिका स्वीकार करते हुए उद्योगपति अनिल अंबानी के खिलाफ व्यक्तिगत दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया। यह



कार्रवाई रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) और रिलायंस इन्फ्राटेल लिमिटेड (आरआईटीएल) को दिए गए ऋणों के लिए उनकी व्यक्तिगत गारंटी के आधार पर की गई है। एनसीएलटी के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने कहा कि आदेश की प्रति उपलब्ध होने के बाद उनकी कानूनी टीम उसका अध्ययन करेगी और कानूनी सलाह के अनुसार उपयुक्त मंचों पर उसे चुनौती देगी। प्रवक्ता ने कहा, अंबानी को पूरा विश्वास है कि वह उचित कानूनी मंचों पर अपना पक्ष सफलतापूर्वक साबित करेंगे।

# सम्पादकीय

## टीएमसी में टूट से महाराष्ट्र में बढ़ी सियासी बैचैनी!

टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने संसद के आगामी मॉनसून सत्र में अलग बैठने की बात कही है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि उन्होंने अपने एक बयान में आगे कहा कि हां यह सच है कि हमारे पास अलग बैठने के लिए सांसदों की जरूरी संख्या है। जिसका पत्र पहले ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंपा जा चुका है। जिस पर मेरे (शताब्दी रॉय) के भी हस्ताक्षर हैं। अब हम चाहते हैं कि संसद के आगामी मॉनसून सत्र में बैठने के लिए हमें अलग जगह मिले। इसके लिए आवेदन हो चुका है। विरोध जताने के लिए हम एक अलग ब्लॉक में बैठना चाहते हैं। अब बात महाराष्ट्र की सियासत की तो मालूम हो कि महाराष्ट्र की राजनीति में बगावत और वजूद की जंग कोई नई बात नहीं है पर



नफीस जाफरी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस भी हार के तुरंत बाद इस दर्द से गुज़रेगी इसका अंदाज़ा किसी को नहीं था। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पर आए इस सियासी संकट को देखकर महाराष्ट्र के दोनों एनसीपी धड़े (शरद पवार और अजीत पवार गुट) अपनी–अपनी पुरानी टूट के जख्मों को सहलाने के साथ–साथ खुद को मजबूत दिखाने की एक बेचैन राजनीतिक हलचल भी पैदा कर रहे हैं। शरद पवार गुट की सांसद सुप्रिया सुले जब ममता बनर्जी के समर्थन में खड़ी होती हैं, तो उनके सुरों में सहानुभूति से ज्यादा एक अनुभवी भुक्तभोगी की कड़वाहट और खुद को फिर से खड़ा करने की जिद्द दिखाई देती है। सुप्रिया सुले कहती हैं कि जो कुछ भी तृणमूल कांग्रेस के साथ हो रहा है। हम पहले ही उस तरह के अनुभवों से गुजर चुके हैं। पहले शिवसेना को तोड़ा गया। फिर एनसीपी को बांटा गया और अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। सुप्रिया सुले का यह बयान साफ दिखाता है कि टीएमसी की संभावित टूट ने उनके पुराने घावों को हरा कर दिया है। लेकिन इसके तुरंत बाद वो कहती हैं, हम इन परिस्थितियों का सामना कर चुके हैं, इसलिए हम पूरी मजबूती से खड़े हैं। यह असल में खुद को और अपने बचे–कुचे विधायकों को दिलासा देने की एक मजबूत हलचल की तरह है। वो देश को बताना चाहती हैं कि भले ही हमारा घर टूटा हो, पर बचे आशियाने को बिखरने नहीं देंगे। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस द्वारा टीएमसी के कथित विलय की चर्चा या अफवाहों की सुगबुगाहट पर जब रिपोर्टरों ने पूछा कि कांग्रेस की ओर से एनसीपी शरद चंद पवार को विलय का प्रस्ताव मिला तो क्या फैसला होगा? इस सवाल पर सुप्रिया सुले ने हल्के अंदाज में कहा कि अभी बारिश हुई तो छतरी लूंगी या रेनकोट। पहले बारिश तो होने दो, उसके बाद देखते हैं। सीधे जवाब में नहीं ना कह पाना भी क्या कुछ कहता है? राजनीतिक विश्लेषक अब इसे भी डिकोड कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे गुट के सात सांसदों को तोड़ने की कोशिश के शिंदे गुट के ऑपरेशन टाइगर वाली अटकलों पर उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं, लेकिन आजकल कई तरह के ऑपरेशन चल रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पहले अस्पताल में ऑपरेशन होते थे, अब राजनीति में हो रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। वहीं, एक दिन बाद अपनी पार्टी का स्थापना दिवस मना रही उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार अपने कार्यक्रम की शुरुआत में अजीत पवार को याद कर भावुक हुईं, पर याद था कि आज भावुक होने से ज्यादा इस मंच पर पार्टी को समेटने की ज्यादा ज़रूरत है! अजीत पवार गुट के मंच पर टूट के डर और वजूद बचाने का ड्रामा अपने चरम पर दिखा। स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी की कमान संभाल रहीं सुनेत्रा पवार ने जैसे ही भाषण शुरू किया, वो भावुक हो गईं, कहा, उन्होंने आज हमारे नेता अजीत दादा हमारे बीच नहीं हैं। उनके बिना यह पहला स्थापना दिवस है। लेकिन इस भावुक क्षण के तुरंत बाद जो हलचल दिखी, वो सबसे महत्वपूर्ण है। अचानक अपनी सियासी ताकत का प्रदर्शन किया और पार्टी के भीतर झांक रहे टूट के डर को दबाने के लिए सीधे धमकी भरे लहजे में कहा कि अब तक उनके बादा जो कुछ हुआ, मैंने सबको संभाला। (अजित पवार) दादा ने सबकी ज़िद पूरी की, पद दिए। लेकिन आगे अगर किसी का अनावश्यक हस्तक्षेप हुआ, तो उस पर जरूर विचार किया जाएगा। दादा की तरह कठोर निर्णय लेने के लिए मैं उनके पदचिह्नों पर चलूंगी। मंच पर आंसू और तुरंत बाद "अनावश्यक हस्तक्षेप न करने" की यह हिदायत साफ बयां करती है कि अजीत पवार के जाने के बाद इस गुट के भीतर नेताओं को बांधे रखना कितना मुश्किल हो रहा है। हाल के समय में अजित गुट के प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे जैसे बड़े नेताओं की नाराज़गी और इसी नाराज़गी के बीच दूसरे गुट एनसीपी के प्रमुख शरद पवार से उनका मिलना कई अटकलों को हवा दे चुका है। सुनेत्रा के बेटे पार्थ पवार के पार्टी के भीतर बढ़ते क़द पर दिखती बड़े नेताओं की असहजता सुनेत्रा को परेशान कर रही है। सुनेत्रा पवार को अच्छी तरह पता है कि शरद पवार का खेमा उनके कुनबे में "घर वापसी" का चारा डाल रहा है। टीएमसी में जो बगावत की बयार चल रही है, वही बयार कहीं उनके बचे–कुचे विधायकों को न उड़ा ले जाए। इसी डर से सुनेत्रा पवार ने खुद को नरम स्वभाव से हटाकर अजित पवार की तरह सख्त कड़क दिखाने की कोशिश की। ये बयान इशारा करते हैं कि कमजोरी छिपाने के लिए कड़े शब्दों का सहारा लेना राजनीति में ज़रूरी होता है। एक तरफ़ शरद पवार गुट में टीएमसी के बहाने खुद को पीड़ित साबित करने की होड़ है, ताकि जनता की सहानुभूति बटोरकर अपनी ताकत दोबारा समेटी जा सके। दूसरी तरफ अजित गुट में जंग चल रही है कि सत्ता और संगठन हाथ से न निकल जाए, इसलिए भावनाओं के नैरेटिव के साथ कठोर बयानों का हंटर चमकाया जा रहा है ताकि कोई नेता कमज़ोरी का फ़ायदा और पार्टी को नुक़सान पहुँचाने की दिशा में ना सोचे! इस वक्त देश की राजनीति में वही हो रहा है जिसे महाराष्ट्र ने बीते कुछ सालों में सहा है! जिन ठाकरे और पवार के नामों से राज्य की राजनीति समझी जाती थी आज उनकी राजनीतिक ज़मीन हिचकोले खाती दिखती है। इसलिए हर ऐसे झटके उनके जख्म को हरा करते हैं और फिर बयानों की झड़ी से दिखाने की कोशिश होती है "ऑल इज वेल"।

# सरकार की बदनामी- आशीष गोयल से नाराज़ हुए ऊर्जा मंत्री



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में बिजली संकट और पिछले दिनों 10 प्रतिशत यूल सरचार्ज बढ़ाए जाने की खबरों के बाद अब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल के बीच खुली टकराहट सामने आ गई है। बिजली मंत्री ने अपने अधिकारी से चिट्ठी लिखकर पूछा है–मुझसे पूछे बिना बिजली के दाम कैसे बढ़ाये? उन्होंने कहा कि मेरे विभाग के फैसले मुझे टीवी न्यूज चैनल से पता चलते हैं। तुम सब लोग बिना बताए मुख्यालय से कहां गायब रहते हो। ऐसी बातें जब सामने आए तो इससे तो लग रहा है कि यूपी में ऊर्जा मंत्री और उनके विभाग के बड़े अधिकारी के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने चिट्ठी के जरिए यूपीपीसीएल के चेयरमैन आशीष गोयल से कड़े सवाल पूछे हैं। बिजली महंगी करने को लेकर ऊर्जा मंत्री ने पूछा कि उनकी जानकारी के बिना यूल सरचार्ज के नाम पर बिजली का बिल बढ़ाने का फरमान जारी कैसे कर दिया। जिसके बाद कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि उत्तर प्रदेश में बिजली संकट और बढ़े हुए बिजली बिलों के बीच यूपीपीसीएल के चेयरमैन आईएएस डॉ. आशीष कुमार गोयल और योगी सरकार में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा आमने–सामने आ गए हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आईएएस आशीष कुमार गोयल को पत्र लिखकर उनके फैसलों पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बिना मुझसे प्रदेश में पूछे बिजली महंगी क्यों की गई, मना करने के बाद भी अनुभवी कर्मचारियों को निकालकर नए लोगों की भर्ती क्यों की जा रही है। आप बिना बताए मुख्यालय से कहां गायब रहते? ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के पत्र के सामने आने



के बाद दोनों के बीच की टकराहट खुलकर सामने गई है, जिससे प्रदेश की सियासत एक बार फिर गरमा सकती है। आइए, विस्तार से जानते कि ऊर्जा मंत्री अपने पत्र में क्या क्या मुद्दे उठाए है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की ओर से यूपीपीसीएल के चेयरमैन आईएएस आशीष कुमार गोयल को लिखे गए पत्र का विषय सरकार की मंशा के विपरीत कार्यशैली को बंद करना है। उन्होंने अपने पत्र में चार मुद्दे उठाए हैं। पहला– यूपीपीसीएल से अनुभवी कर्मचारियों को निकालकर जाति, धर्म और भ्रष्टाचार के तहत अन्य कर्मचारियों की भर्ती करना। पत्र में उर्जा मंत्री ने कहा कि मेरे बार–बार मना करने के बाद भी कुशल कर्मचारियों की छटनी बंद नहीं की गई, जिसके परिणाम हमें भुगतने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक मई 2060 को सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष ने पत्र लिखकर मुझे बताया कि जिले की बेहट डिवीजन में 15 साल से काम कर रहे लाइनमैन को हटाकर किसी ओर की भर्ती की गई। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। अनावश्यक रूप से अभियान चलाकर हजारों कुशल कर्मचारियों को निकाल देना किसी भी व्यवस्था के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और राजनैतिक रूप से समस्या का कारण बनेगा और शायद बन चुका है। मंत्री ने कहा– गर्मी के चुनौतीपूर्ण समय में बहुतायत विद्युत कर्मियों ने निष्ठापूर्वक कार्य किया है, लेकिन कुछ कार्मेयों ने जानबूझकर और लापरवाह तरीके से काम करते हुए सरकार को बदनाम किया है. ऐसे कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, इनका ट्रासफर कर इसकी विस्तृत जानकारी मुझे दी जाए। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा– मई महीने में आंधी तूफान के कारण विद्युत अवसंरचना (इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) बुरी तरह प्रभावित हुई है। 28–29 मई 2026 को विशेष नुकसान हुआ था, प्रदेश के उपभोक्ताओं को परेशानी न हो इसके लिए रिपेयरिंग और रेस्टोरेशन का कार्य युद्ध स्तर पर हो इसके लिए शनिवार 30 मई 2026 को समीक्षा बैठक आयोजित करनी थी। इसके लिए आपसे (यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष कुमार गोयल) संपर्क करने पर पता चला कि ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में आप हेडक्वार्टर से बाहर हैं, और 31 तक बाहर ही रहेंगे। बाद में यह बैठक ऑनलाइन आयोजित की गई। किसी भी उच्च अधिकारी का यह व्यवहार गैर जिम्मेदाराना और जनहित के विपरीत है। आगे से हेडक्वार्टर की सूचना मुझे दें।

# शत्रुघ्न सिन्हा रहेंगे ममता के ही साथ!



फ़रीद वारसी

बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में मची भगदड़ लगातार तेज होती जा रही है। टीएमसी के बागी नेताओं की लिस्ट में उन–उन नेताओं का नाम भी जुड़ते जा रहा हैं। जो ममता बनर्जी के सबसे करीब माने जाते थे। इसमें एक नाम टीएमसी सांसद सयानी घोष का भी हैं। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सयानी घोष अपने बयानों के कारण अक्सर सुर्खियों में थी। उनके तीखे बयानों ने सयानी को बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर चर्चित बनाया। लेकिन अब वो भी ममता से बगावत करती नजर आ रही हैं। विदित हो कि टीएमसी के बागी सांसदों की लिस्ट में सयानी घोष का नाम भी शामिल हैं। पार्टी में मचे इस भगदड़ के बीच बीते कुछ दिनों सयानी घोष अंडरग्राउंड थी। लेकिन पिछले दिनों सयानी कोलकात्ता एयरपोर्ट पर एक खास अंदाज में नजर आई। सयानी घोष ने कुछ इस तरह से अपना चेहरा छिपा रखा था कि कोई उन्हें पहचान नहीं सके। सयानी ने सिर पर टोपी लगा रखी थी, मुंह पर मास्क और आंखों पर काला चश्मा पहन रखा था। तेज कदमों के साथ सयानी एयरपोर्ट से बाहर निकली और गाड़ी में बैठकर निकल गई। मीडिया की रिपोर्टोंके अनुसार सयानी दिल्ली से कोलकाता पहुंचीं। बीते दिनों दिल्ली में टीएमसी के बागी सांसद ने बैठक भी की थी। हांलाकि चुनाव के समय ममता के पक्ष में जमकर प्रचार अभियान करने वाली सयानी ने बगावत की चर्चाओं पर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कहा है। लेकिन उनके बदले–बदले अंदाज बहुत कुछ बता रहे हैं। कुछ देर पहले ही ममता के एक और करीबी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी पार्टी की बगावत पर खुलकर बयान दिया। उन्होंने ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी पर सवाल उठाए। ममता से साफ कहा कि या तो हमें चुनिए या फिर अभिषेक को। यहां यह बताते चलें कि टीएमसी के 58 विधायकों ने अलग गुट बनाकर विधानसभा में ऋतब्रत बनर्जी को अपना नेता चुन लिया है। टीएमसी के करीब 19 लोकसभा सांसदों ने अलग गुट बनाने की कवायद शुरू कर दी है। राज्यसभा के तीन सांसदों ने भी इस्तीफा दे दिया है। टीएमसी के राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देव के बाद प्रकाश चिक बराइक ने भी त्यागपत्र दे दिया है। वहीं तृणमूल कांग्रेस में मची भगदड के बीच आसनसोल से टीएमसी सांसद और मशहूर अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि वो किसी भी कीमत पर ममता बनर्जी का साथ नहीं छोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ममता हमेशा मेरे साथ खड़ी रही हैं। मैं आसनसोल से ममता के आग्रह पर ही चुनाव लड़ा था। सिन्हा ने कहा कि मेरे बारे में पिछले कुछ दिनों कई चीजें चल रही हैं। कहा जा रहा है कि मैं पार्टी छोड़ रहा हूं और टीएमसी के विरोधी गुट के साथ हूं। लेकिन मैं साफ करना चाहता हूं कि मैं ममता बनर्जी के साथ हूं और मैं उन्हें अकेला नहीं छोड़ सकता हूं। मशहूर एक्टर ने कहा कि कई लोग ऐसे हैं जो पार्टी छोड़ चुके हैं। लेकिन मैं ममता दीदी को नहीं छोड़ूंगा। ममता बनर्जी स्ट्रीट फाइटर हैं। मेरे बुरे दिनों में ममता मेरे साथ खड़ा रही हैं। मैं ममता के बुरे दिनों में उनके साथ खड़ा हूं। गौरतलब है कि सामने आई टीएमसी के बागी 19 सांसदों की लिस्ट में शत्रुघ्न सिन्हा का नाम भी शामिल था। लेकिन





अब सिन्हा ने अपना रुख बदल लिया है। जिसके बाद उनके बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। टीएमसी में बगावत करने वाले ज्यादातर नेता अभिषेक बनर्जी को घमंडी बता रहे हैं। इसी क्रम में टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने भी कहा था कि ममता बनर्जी को अभिषेक या मुझ में से किसी एक को चुनना चाहिए। अभिषेक बनर्जी में घमंड है क्या? इस सवाल पर शत्रुघ्न सिन्हा कहा कि ममता बनर्जी मेरी नेता हैं, थीं और उन्हीं की बात मैं सुनता हैं। उनके अलावा किसी को नेता नहीं माना। बाकी सब सहयोगी हैं। मेरे साथ रहे हैं और मैं उनके साथ रहा हूं। मेरी नेता सिर्फ और सिर्फ ममता बनर्जी हैं। उन्होंने आगे कहा कि अब रही बात कल्याण बनर्जी की तो वो बहुत ही मंझे हुए, समझदार और जबरदस्त नेता हैं, वो अगर कुछ कह रहे हैं तो हो सकता है कि उन्होंने गुस्से में कुछ कहा हो, कोई कारण रहा हो, शायद उनके साथ लॉयर की हैसियत से गए थे, वहां मान–सम्मान नहीं मिला हो। कल्याण बनर्जी जैसे काबिल नेता ने ये कहा है कि मैं ममता बनर्जी के साथ हूं और जो ममता कहेंगी वो मैं करूंगा, तो हम सबको पता है कि वो ममता बनर्जी के साथ हैं। पश्चिम बंगाल में चुनाव नतीजों के बाद से ही टीएमसी का पॉलिटिकल ड्रामा शुरू हो गया है। विधायकों से लेकर सांसद तक बगावत कर चुके हैं। इस बारे में शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि ममता बनर्जी इस सबसे निकल जाएंगी। उन्होंने कहा कि ज्यादा अहम ये है कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। मैंने शुरू में ही कहा कि मुसीबतों को वही पार कर सकता है, जिसके अंदर इसको पार करने की शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी जमीन से जुड़ी नेता हैं। संघर्ष करके पार्टी को सींचा है। इस काडर को मजबूत किया है। उनको पार्टी विरासत में नहीं मिली है। बल्कि संघर्ष के बल पर हासिल की है। तभी वह 35 साल तक जिसका शासन रहा, उसको उखाड़ फेंकने में कामयाब रहीं। उन्होंने ममता बनर्जी को देश और बंगाल की अपेक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आज दुख की घड़ी में, मुसीबत की घड़ी में, ममता बनर्जी को जैसे फंसाया जा रहा है, वो उससे निकलकर आ रही हैं। जहां तक तृणमूल कांग्रेस का सवाल है तो यह किसी से छिपा नहीं है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस टूट रही है, अब इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है। टीएमसी के बागी विधायक और सांसद पिछले कुछ दिनों से उस रणनीति पर काम कर रहे हैं, जिसके तहत वो ममता बनर्जी का साथ छोड़ें और उनसे पार्टी का नाम भी न छिने। इसके लिए टीएमसी के बागी सांसदों का पिछले कई दिनों से भाजपा के नेताओं के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। बताया जा रहा है कि टीएमसी के रणनीतिकारों ने तृणमूल कांग्रेस संसदीय और विधायक दल में टूट के लिए फॉर्मूला क्या होगा, ये तय कर लिया है। टीएमसी के रणनीतिकारों ने तृणमूल कांग्रेस संसदीय और विधायक दल में टूट के लिए फॉर्मूला तैयार कर लिया है। इसके तहत बागी गुट यह दावा करेगा कि असली तृणमूल कांग्रेस वही हैं। इसी आधार पर विधानसभा और लोकसभा अध्यक्ष से असली पार्टी के रूप में मान्यता देने की बात कही जाएगी। चुनाव आयोग में भी इसी तरह अर्जी देकर टीएमसी के चुनाव चिन्ह पर दावा ठोका जाएगा। टीएमसी में टूट कानूनी आधार पर की जाएगी। यह कहा जाएगा कि टीएमसी अपने संविधान के हिसाब से नहीं चल रही थी। कई फैसले पार्टी संविधान के खिलाफ किए गए। पत्र लिख कर बताया जाएगा कि कैसे ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मनमाने ढंग से फैसले कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी में टूट का मामला शिवसेना, एनसीपी और लोजपा की तरह ही आगे बढ़ाया जाएगा। इन तीनों ही मामलों में चुनाव आयोग ने टूट कर अलग हुए नेताओं के पक्ष में ही फैसला दिया था। अगर अपने देश के दलबदल कानून की बात की जाए तो भारत में दलबदल कानून के तहत दो तिहाई सदस्यों का अलग होकर दूसरे दल में विलय जरूरी होता है। लेकिन हम ही असली पार्टी वाले फॉर्मूले में विलय की जरूरत ही नहीं पड़ती है। दरअसल, इसमें विलय की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि अलग गुट को ही मान्यता मिलने की संभावना होती है। इसमें बागी गुट यह दावा करता है–वही असली पार्टी है। हालांकि, आम आदमीं पार्टी के राज्यसभा सांसदों के मामले में ऐसा नहीं हुआ था। इसमें 10 में से सात सांसद यानी दो तिहाई अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस तरह उनकी सदस्यता बची रही। ऐसे में अलग गुट व असली पार्टी का दावा करने और उसे मान्यता मिलने पर भी टीएमसी के बागी सांसदों की सदस्यता बची रहेगी। हां, टीएमसी पर अधिकार को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई चल सकती है।

# गांधी के मुताबिक : छल-कपट से फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं दिया जा सकता

विवेकानंद माथने

महात्मा गांधी उस दौर में सक्रिय थे जब फिलिस्तीन का प्रश्न विश्व राजनीति में उभर रहा था। यूरोप में यहूदियों का उत्पीड़न, जायोनी आंदोलन का उदय, फिलिस्तीन में श्यहूदी राष्ट्रीय गृहश की मांग, बाल्फोर घोषणा और बढ़ते यहूदी प्रवास जैसी घटनाएं तेजी से हो रही थीं। गांधीजी के कई निकट सहयोगी यहूदी थे, वहीं भारतीय मुसलमानों और अरब जगत के प्रश्नों से भी उनका गहरा सरोकार था। वे दोनों समुदायों के इतिहास और पीड़ा से परिचित थे और यहूदियों के प्रति सहानुभूति रखते थे, लेकिन फिलिस्तीनी अरबों पर हो रहे अन्याय और औपनिवेशिकता थोपने के सख्त खिलाफ थे। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही थी। पराजित तुर्क साम्राज्य (उस्मानी सल्तनत) को विभाजित करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने सेवर की संधि की रूपरेखा बनाई, जिसके तहत अरब क्षेत्रों और इस्लामी पवित्र स्थलों को यूरोपीय नियंत्रण में बांटने की योजना थी। इस औपनिवेशिक हस्तक्षेप ने भारतीय मुसलमानों के साथ–साथ महात्मा गांधी को भी गहराई से उद्वेलित कर दिया। गांधीजी ने इसे केवल धार्मिक नहीं, बल्कि साम्राज्यवाद के क्रूर चेहरे और वैश्विक न्याय के हनन के रूप में देखा। मार्च 1921 में महात्मा गांधी ने लंदन के समाचार पत्र डेली हेरॉल्ड को दिए एक साक्षात्कार में ब्रिटिश सरकार द्वारा मुसलमानों से किए गए वादों से मुकरने और सेवर की संधि के जरिए अरब जगत पर थोपी गई नाइंसाफी की आलोचना की। खिलाफत आंदोलन और फिलिस्तीन के संबंध को रेखांकित करते हुए गांधीजी ने कहा था कि खिलाफत मूलतः एक धार्मिक आंदोलन है, यह आंदोलन सीधे पैगम्बर के निर्देशों से प्रेरणा ग्रहण करता है। जिन्हें अरब के द्वीप कहा जाता है उन्हें पूरी तरह से केवल मुसलमानों के ही नियंत्रण में रहना चाहिएय उस पर खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता होनी चाहिए, चाहे फिलहाल खलीफा कोई भी हो। इस्लाम के अस्तित्व के लिए यह जरूरी है कि ब्रिटेन और फ्रांस को दी गई अधिसत्ता बिलकुल समाप्त कर दी जाये। फिलिस्तीन भी मुसलमानों के नियंत्रण में होना चाहिए। धर्म या युद्ध का कोई भी फतवा शमित्र–राष्ट्रों द्वारा फिलिस्तीन का यहूदियों को सौंपा जाना उचित नहीं सिद्ध कर सकता। यह खास तौर पर भारतीय मुसलमानों के साथ और आमतौर पर समूचे भारत के साथ विश्वासघात करना होगाय यदि युद्ध के प्रारंभ में ब्रिटेन ने ऐसे किसी अधिकार हरण की संभावना की ओर इशारा किया होता तो एक भी भारतीय सिपाही युद्ध में न जाता। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद खिलाफत आंदोलन (1919–1924) के दौरान भारतीय मुसलमान तुर्की के खलीफा और इस्लामी पवित्र स्थलों की स्थिति को लेकर चिंतित थे। इसी संदर्भ में ब्रिटिश वादों और फिलिस्तीन के भविष्य पर महात्मा गांधी ने 23 मार्च 1921 को यंग इंडिया में लिखा– सेवर्स की संधि में जिस परिवर्तन की बात सोची जा रही है, उससे भारतीय मुसलमान संतुष्ट नहीं हो सकतेय और इतना कहना काफी कह देना है। मेरी नम्र राय में, भारत के मुसलमानों की मांगें स्वीकार कर ली जायेंश इसके दो कारण हैं। खिलाफत एक आदर्श है और जब कोई व्यक्ति किसी आदर्श को लेकर चलता है तो उसका रास्ता दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। मुसलमान उस आदर्श का प्रतिनिधित्व करते हैं और समस्त भारत के सर्वसाधारण का समर्थन उन्हें प्राप्त है। गांधीजी ने कहा था कि श्छल–कपट से और नैतिकता के बंधनों को तोड़कर फिलिस्तीन यहूदियों के हाथों में नहीं दिया जा सकता। फिलिस्तीन के सवाल को लेकर तो यह लड़ाई नहीं लड़ी गई थी। ब्रिटिश सरकार एक भी मुसलमान सिपाही से यह कहने का साहस नहीं कर सकती थी कि वह फिलिस्तीन को अपने मुसलमान भाइयों के नियंत्रण से छीनकर यहूदियों को दे देगी। फिलिस्तीन यहूदियों का तीर्थस्थल है, इसलिए उनके लिए यह एक ऐसी भावना की चीज है जिसका आदर करना चाहिए और अगर मुसलमान आदर्शवादी यहूदियों को उतनी ही स्वतंत्रता से पूजन आदि नहीं करने देते जितनी स्वतंत्रता से स्वयं करते हैं तो यहूदियों का शिकायत करना उचित होगा। नैतिकता या युद्ध के परिणामस्वरूप फिलिस्तीन यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।... अगर खिलाफत के सवाल का न्यायसम्मत निपटारा होता है तो जजीरत–उल–अरब को खलीफा की धार्मिक प्रभुसत्ता के आधीन पूरी तरह से मुसलमानों के नियंत्रण में ही देना होगा। खिलाफत आंदोलन के दौरान ही दक्षिण अफ्रीका के एक मित्र ने गांधीजी से पूछा था कि क्या मुसलमान फिलिस्तीन यहूदियों को वापस कर देंगे? इसके जवाब में गांधीजी ने 6 अप्रैल 1921 को यंग इंडिया में मुसलमानों के ऐतिहासिक दावे को रेखांकित करते हुए लिखा था–मुसलमान दावा करते हैं कि फिलिस्तीन जजीरत –उल–अरब का अविभाज्य अंग है। वे पैगम्बर की आज्ञा के अनुसार उस पर कब्जा बनाये रखने के लिए बाध्य हैं, किन्तु इसका यह अर्थ नहीं है कि यहूदी और ईसाई फिलिस्तीन में बे–रोक टोक आ–जा नहीं सकते या वहां बसकर अचल संपत्ति के स्वामी नहीं हो सकते। गैर–मुसलमान या यहूदी उस स्थान पर संपूर्ण प्रभुता–संपन्न वह अधिकार प्राप्त नहीं कर सकते, जिस पर धार्मिक विजय के अधिकार से मुसलमानी शक्तियों का सदियों से कब्जा रहा है। पिछले युद्ध में मुसलमान सैनिकों ने अपना खून इसलिए नहीं बहाया कि वे फिलिस्तीन को मुसलमानी नियंत्रण से बाहर किसी दूसरे को अर्पित कर दें। मैं चाहता हूं कि मेरे यहूदी मित्र भारत के सात करोड़ मुसलमानों की स्थिति पर निष्पक्ष भाव से विचार करें। एक स्वतंत्र राष्ट्र के नाते क्या वे अपनी पवित्र मिल्कियत का एक ऐसे ढंग से छीना जाना बर्दाश्त कर सकते हैं जो उनकी दृष्टि में विश्वासघातपूर्ण है?श यहूदियों के प्रति सहानुभूति के बावजूद, महात्मा गांधी का स्पष्ट मानना था कि ऐतिहासिक और नैतिक रूप से फिलिस्तीन पर पहला अधिकार वहां के मूल निवासियों का है और किसी भी बाहरी छल–कपट या औपनिवेशिक दबाव से इसे यहूदियों को नहीं सौंपा जा सकता।

(लेखक आजादी बचाओ आंदोलन एवं शकिसान स्वराज आंदोलन से संबद्ध हैं।)

# इथेनॉल प्लांट पर मॉक ड्रिल, स्वास्थ्य शिविर में बांटी निःशुल्क दवाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। धामपुर शुगर मिल की यूनिट डीएसएम केमिकल में ऑन–साइट इमरजेंसी प्लान के तहत इथेनॉल लोडिंग प्वाइंट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान




आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर कर्मचारियों की आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण किया गया। फायर सेटी टीम और अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई कर आग पर नियंत्रण पाने का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया, संचार व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए। वहीं, धामपुर शुगर मिल परिसर में पीएचडी रूरल फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। शिविर में श्रमिकों, कर्मचारियों और उनके परिजनों सहित 151 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाएं निःशुल्क वितरित कीं। मिल प्रबंधन ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# जाम की समस्या को दूर करने के लिए बनाया ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें तेरवें दिवस पर कक्षा नौ के छात्र सीटू ने अपने ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस के प्रस्तुतिकरण में




बताया कि इस मॉडल के अंतर्गत वाहन के जाम लगने से होने वाली समस्या का निष्कासन किया गया है । कई बार वाहनों का जाम इतना बढ़ जाता है कि बहुत अत्यधिक समस्या होती है जिससे कि समय रहते इमरजेंसी की गाड़ियां नहीं निकाल पाती हैं। अतः इस समस्या को हल करने हेतु इस मॉडल का निर्माण किया गया है जिसमें आईआर सेंसर का प्रयोग करके गाड़ियों की एक निश्चित परिषद सीमा तय की गई है यदि इस निश्चित सीमा से अत्यधिक गाड़ी उसे क्षेत्र सीमा में आती हैं तो अलर्ट के रूप में एक सिग्नल जारी होता है जिससे कि दूर से आने वाले व्यक्ति को पता चल जाता है कि इस रोड पर अत्यधिक गाड़ियां हैं जिससे जाम की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। इस अभिनव मॉडल को बनाने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना आवाज से लगने वाले जाम को कम करना है जिससे कि समय रहते इमरजेंसी की गाड़ियां अपने गंतव्य तक पहुंच सके। अश्वनी कुमार जैन ने सीटू के ट्रैफिक कंट्रोल डिवाइस मॉडल के नवाचार एवं अभिनव मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# भजन संध्या के साथ मनाया अधिक मास का पावन पर्व

## – भक्तिमय माहौल में झूमीं अग्रवाल महिला सम्मेलन की सदस्य

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। अधिक मास के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की माध ावी शाखा द्वारा नीरू मित्तल के निवास स्थान पर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें, एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। प्रभु भक्ति में लीन होकर महिलाओं ने न केवल सुमधुर भजन गाए, बल्कि उन पर जमकर नृत्य भी किया। भजनों और भक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण पूरी तरह से आनंदमय और दिव्य हो गया। भजनों के उपरांत भगवान की विधि–विधान से महाआरती की गई। इसके बाद उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और सदस्यों के बीच भोजन व प्रसाद का वितरण किया गया। भजन संध्या के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं और बहनों में भारी उत्साह देखने को मिला। माध ावी शाखा की अध्यक्ष कल्पना गर्ग ने अधिक मास के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, ष्अधिक मास का महीना विशेष रूप से पूजा, भक्ति, सेवा और सत्कर्मों का महीना होता है। इस तरह के धार्मिक आयोजन हमारी समृद्ध संस्ःति और सनातन परंपराओं को और अधिक सशक्त बनाते हैं।ष इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था की निर्देशिका एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मधु बंसल, महामंत्री रीना गर्ग, कोषाध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, मधु गर्ग, नीरजा मित्तल, रश्मि, सरिता और साधना सहित कई अन्य गणमान्य महिलाओं व माधवी शाखा की सदस्यों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और शाखा की सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा।

# ठेकेदार व भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी ने पत्रकार को दी धमकी

## - पत्रकार ने लगाई पुलिस से गुहार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 में सड़क निर्माण कार्य में हो रहे सरकारी धन के बंदरबांट की खबर उजागर करने, सुहाग नगरी में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और जनता को सच दिखाने पर क्षेत्र में निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार अमन मिश्रा और भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सहित कई लोगों ने पत्रकार सौरभ अग्रवाल को जान से मारने, गाली–गलौज करने, घर में घुसकर मारपीट करने तथा झूठे मुकदमों में फंसाकर करियर तबाह करने की सनसनीखेज धमकी दी है। इस दुस्साहसिक घटना के बाद से पीड़ित पत्रकार का परिवार खौफ में है। जिसकी पीड़ित ने पुलिस के आलाधिकारियों से लिखित रूप से शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। बताते चलें कि मामला नगर निगम के वार्ड संख्या 23 का है, जहां पंजाब नेशनल बैंक से लेकर आनंद चौबे के मकान तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। पत्रकार सौरभ अग्रवाल ने बताया कि उक्त मार्ग पर पहले से ही बिल्कुल सही और अच्छी स्थिति में इंटरलॉकिंग ईंटें लगी हुई थीं, जिन्हें बिना किसी ठोस वजह के सिर्फ बजट ठिकाने लगाने (मलाई काटने) के उद्देश्य से उखाड़ा जा रहा था और नई सड़क का निर्माण थोपा जा रहा था। सरकारी धन के हो रहे इस खुले दुरुपयोग को देखकर पत्रकार ने मौके पर पहुँचकर कार्य की तकनीकी जानकारी लेनी चाही और मौके पर हो रही अनियमितताओं के अकाट्य फोटो व वीडियो साक्ष्य अपने कैमरे में कैद कर लिए। इसके बाद जनहित में इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। जैसे ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो, नगर निगम के गलियारों में हड़कंप मचा, भ्रष्टाचार में लिप्त सफेदपोश और ठेकेदार के गुर्गे पूरी तरह बौखला गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ नामजद व अज्ञात दबंग लोग सीधे पत्रकार के आवास पर जा ध मके और पत्रकार पर दबाव बनाते हुए सोशल मीडिया से वीडियो को तुरंत हटाने और आगे से खबर न चलाने का फरमान सुनाया। जब पत्रकार ने इस तानाशाही का विरोध किया, तो उन लोगों ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं। ष्विरोध करने पर दबंगों ने गाली–गलौज करते हुए हॉट टॉक की। उन्होंने सीधे तौर पर ध मकी दी कि अगर वीडियो नहीं हटाया तो जान से मार देंगे, पत्रकारिता छुड़वा देंगे और प्रशासन में अपनी ऊंची पहुंच का इस्तेमाल कर ऐसे संगीन झूठे मुकदमों में फंसा देंगे कि पूरी जिंदगी जेल की सलाखों के पीछे कटेगी। इस कायरतापूर्ण हमले और खुलेआम मिली धमकी के बाद से पीड़ित पत्रकार और उनका पूरा परिवार अपनी जान–माल की सुरक्षा को लेकर गहरे मानसिक तनाव और चिंता में है। पीड़ित पत्रकार ने तत्काल पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे मामले की लिखित तहरीर देते हुए सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार और सरकारी धन की बर्बादी की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मीडिया जगत और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त हो गया है और उन्होंने, दो टूक शब्दों में कहा है कि, सच की आवाज को दबाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दोषियों पर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो पत्रकार संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग जल्द होगी शुरू

## - डीएम एक्शन मोड में, कार्यदायी संस्था को अल्टीमेटम

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जिलेवासियों को जल्द ही आध ुनिक चिकित्सा सुविधाओं का बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। लखीमपुर में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग को शीघ्र क्रियाशील करने के उद्देश्य से प्रशासनिक अमला पूरी तरह गंभीर है। शनिवार को जिलाधि ाकारी अंजनी कुमार सिंह ने स्वास्थ्य और प्रशासनिक अधि ाकारियों की टीम के साथ अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और वहां मौजूद कमियों की विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने मौके पर ही कार्यदायी संस्था के पेंच कसे और सभी तकनीकी व व्यवस्थागत खामियों को समय रहते दूर करने की सख्त चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान डीएम के कड़े निर्देशरू समयबद्ध ढंग से हो हैंडओवर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को दो टूक शब्दों में कहा कि निर्माण और व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कमियों को समय सीमा के भीतर दूर कर बिल्डिंग को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें। तकनीकी और व्यवस्थागत खामियां तुरंत हों दूर



अस्पताल विंग में जो भी तकनीकी पेच फंसे हैं या व्यवस्था से जुड़ी कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तुरंत ठीक किया जाए। अफसरों को नियमित निगरानी के आदेश डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार कार्य की प्रगति पर नजर बनाए रखें, ताकि जनता को इस अस्पताल का लाभ मिलने में और देरी न हो। जनता को मिलेगी बड़ी राहत स्थानीय स्तर पर मेडिकल कॉलेज की हॉस्पिटल विंग चालू होने से लखीमपुर और आसपास के ग्रामीण इलाकों के लाखों मरीजों को सीधे तौर पर फायदा मिलेगा। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अब मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। प्रशासन की इस सख्ती से उम्मीद जगी है कि जल्द ही ओपीडी और अन्य चिकित्सा सेवाएं यहां सुचारू रूप से शुरू हो जाएंगी।

# सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ वायरल तस्वीरें व रील

## -फिलहाल पुष्टि में एसएचओ सरेनी ने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है

संवाददाता सरेनी, रायबरेली। इन दिनों युवकों को हथियारों के साथ रील एवं तस्वीरें निकाल कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का चढ़ा खुमार, जो कहीं ना कहीं युवकों को एक बड़े अपराध से जोड़ता है, सूत्र आज अवैध हथियारों के साथ युवक तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दहशत फैलाने का कार्य कर रहा है,तो कैसे मान लिया जाए की आने वाले समय में युवक इन हथियारों का गलत इस्तेमाल कर किसी अपराध को अंजाम नहीं देगा यह एक बड़ा सवाल है, जब कि एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में पुलिस प्रशासन सख्त रुक अपनाते हुए,अवैध शस्त्रों के प्रदर्शन पर अलर्ट दिख रही है और सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी पुलिस प्रशासन बनाए हुए हैं,तो वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया के प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अवैध शस्त्र व लोहे के घातक हथियार के साथ एक युवक की तस्वीरें व रील सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जो कहीं ना कहीं सोशल मीडिया पर भय उत्पन्न कर दहशत फैला रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड पिक्चरों में साफ देखा जा सकता है कि युवक के द्वारा तलवार के साथ केक काटकर बर्थडे सेलिब्रेशन किया गया है, तो वहीं दूसरी ओर लोहे की रोड से बने जानलेवा घातक हथियारों की तस्वीर अपलोड की गई है। यही नहीं बल्कि तस्वीर में बंदूक हाथ में लेकर भी एक युवक की तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई है। वहीं एक रील में दर्शाया गया है कि गोली हम चलाएंगे जमानत दीदी करा लेंगी। जिस दीदी के बारे में दर्शाया गया है की जमानत दीदी कर लेंगे वह लॉयर की ड्रेस में दिख रही हैं एडिट कर रील इस कदर बनाई गई है कि जिससे दहशत का माहौल सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर उत्पन्न हो रहा




है। सूत्रों के मुताबिक इंस्टाग्राम में अपलोड तस्वीरें सरेनी क्षेत्र के अंतर्गत कंजास के एक युवक की है। जिसके द्वारा सोशल मीडिया पर दहशत फैलाने जैसा कार्य किया जा रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद मामले के संबंध में एसएचओ सरेनी के द्वारा बताया गया है कि फिलहाल मामले की जांच की जा रही है, यदि जांच में युवक दोषी पाया जाता है तो नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।।

### राठ व गोहाण्ड में वन विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीणों से पांच-पांच पौधे लगाने की अपील

संवाददाता राठ (हमीरपुर)। आगामी वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा राठ एवं गोहाण्ड विकासखंड सभागारों में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों, ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा ग्रामीणों को वृक्षारोपण के महत्व और उसके लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राठ रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पेड़–पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ प्राकृतिक आपदाओं से बचाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्षों से लोगों को जीवनदायिनी ऑक्सीजन, औषधियां, फल एवं अन्य उपयोगी संसाधन प्राप्त होते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से कम से कम पांच–पांच पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए तालाब, नदी एवं पोखरों के किनारों का चयन करना अधिक उपयोगी होता है, क्योंकि वहां पौधों को पर्याप्त नमी और पानी उपलब्ध हो जाता है, जिससे उनके जीवित रहने की संभावना बढ़ जाती है।बैठक में खंड विकास अधिकारी राठ मनोज कुमार गुप्ता, खंड विकास अधिकारी गोहाण्ड विनोद कुमार पाण्डे, एडीओ, ग्राम पंचायत अधिकारी, सचिव, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा, एक यूनिट रक्त से बच सकती है किसी की जिंदगी: डॉ. संतोष सेबास्टियन

संवाददाता गोरखपुर। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को फातिमा हॉस्पिटल, द्वारा फातिमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के ऑडिटोरियम में एक भव्य जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व को पहुँचाना और नियमित रूप से रक्तदान करने वाले सजग नागरिकों के प्रति कृ तज्ञता व्यक्त करना था। घ्कार्यक्रम का शुभारंभ फातिमा अस्पताल की टीम द्वारा प्रस्तुत एक सुमधुर प्रार्थना गीत से हुआ। इसके बाद



अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए फातिमा अस्पताल के निदेशक फा. डॉ. संतोष सेबास्टियन ने कहा,रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। हमारा एक यूनिट रक्त किसी ज़रूरतमंद के लिए जीवन का आधार बन सकता है। सभी स्वस्थ नागरिकों को आगे आकर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने यह भी दोहराया कि फातिमा अस्पताल समाज में जीवनरक्षा और सेवा की भावना को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी निरंतर ऐसे पुनीत कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। घ्रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहींरू प्रो. त्रिपाठी घ्समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक के पूर्व कुलपति प्रो. श्री प्रकाश मणि त्रिपाठी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान ने चाहे जितनी प्रगति कर ली हो, लेकिन रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं बनाया जा सकता। इसे केवल एक इंसान ही दूसरे इंसान को दे सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रक्तदान को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाएँ, ताकि समय पर अनेक बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सके। घ्नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश घ्कार्यक्रम के दौरान विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में केक कटिंग की गई। इसके साथ ही कॉलेज के छात्र–छात्राओं द्वारा एक शानदार नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से समाज में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। प्रयोगशाला एवं ब्लड बैंक विभाग की एचओडी डॉ. दिव्या राय ने सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं के अमूल्य योगदान की सराहना की। इस अवसर पर नियमित रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया और विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन श्री नवीन यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। घ्3 दशकों से स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी है फातिमा हॉस्पिटल गौरतलब है कि वर्ष 1995 में स्थापित फातिमा अस्पताल पिछले तीन दशकों से आसपास के क्षेत्रों में अपनी विश्वसनीय सेवाएं दे रहा है। यह अस्पताल प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (च्ड्श्र।ल), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (म्ब्भ्), पूर्वोत्तर रेलवे, एच.ए.एल (भ्।स्), एन.टी.पी.सी. (छज्च्ब्), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (।।प्) गोरखपुर और माननीय मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, उत्तर प्रदेश आदि से इम्पैनल्ड (संबद्ध) है। अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा, अत्याधुनिक ब्लड बैंक, फार्मेसी, सीटी स्कैन और एम्बुलेंस की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# प्रधानाचार्य शबाना ने अवकाश में लगवाई नई समर

## –जैसलपुर हाईस्कूल के पेड़ सूखने से बचे, हरियाली बरकरार



संवाददाता कानपुर देहात। राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल जैसलपुर में भीषण गर्मी के बीच पेड़ों को सूखने से बचाने के लिए प्रधानाचार्य शबाना ने सराहनीय पहल की है। विद्यालय का सबमर्सिबल पंप खराब होने के कारण परिसर में लगे पेड़ों पर पानी का संकट मंडरा रहा था। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी प्रधानाचार्य शबाना विद्यालय पहुंचीं। उन्होंने तत्काल मैकेनिक को बुलाकर नया सबमर्सिबल पंप लगवाने का कार्य शुरू कराया। देर शाम तक चले प्रयासों के बाद नया पंप सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया। इस पहल से विद्यालय परिसर में पेड़ों की सिंचाई व्यवस्था पुनः सुचारु रूप से शुरू हो सकी, जिससे हरियाली सुरक्षित रह पाई। इस कार्य में विद्यालय के कर्मचारी अनुराग सिंह और सत्यम शुक्ला ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया। प्रधानाचार्य शबाना ने बताया कि विद्यालय में लगे पेड़–पौधे शिक्षकों, छात्रों और उनकी खुद की मेहनत का परिणाम हैं। ये परिसर की सुंदरता बढ़ाने के साथ–साथ विद्यार्थियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसलिए इनका संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जॉच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद जी.टी. रोड, फतेहपुर MBBS. (H) P.M.P | हाजी खालिक अहमद जाफरी सम्पादक कारवाने हक 9415065213 | एफ.ए. जाफरी D.R. (Opt.) 7379440876

# गांजरी इलाके में हनुमंत धाम मंदिर बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर

न्यूज वाणी ब्यूरो



तंबौर, सीतापुर। हनुमत धाम में महाबली हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हेतु शनिवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। हनुमत धाम कलनापुर से लेकर रतनगंज स्थित शारदा नदी तट तक 10 किलोमीटर लंबी लाइन इस शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं भारी संख्या देखने को मिली। सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली, ऑटो रिक्शा, सीएनजी आटो मोटरसाइकिले, कार व अपने निजी वाहनों में सवार श्रद्धालुओं का जन समूह धार्मिक जयकारों के साथ रतनगंज के किनारे शारदा नदी पहुंचा जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद पवित्र जल भरा गया। तंबौर लहरपुर मार्ग पर कलनापुर में सड़क किनारे बने इस मंदिर के संस्थापक विजय शंकर तिवारी ने बताया कि इस पवित्र जल से मंदिर में चार दिनों तक लगातार अनेक अनुष्ठान किये जायेंगे। इसके बाद अगामी 17 जून दिन बुधवार को एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रभु की .पा से हनुमान जी की स्थापित प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 13 जून से लेकर 23 जून तक हनुमत धाम में प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्य हनुमत महोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां की जा रही हैं।

# रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्तिअभियान के तहत चला जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति फेज–5 अभियान के अंतर्गत शनिवार को महिला थाना पुलिस एवं आरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन परिसर में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस एवं आरपीएफ टीम ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद महिलाओं, छात्राओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। साथ ही वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं एवं



बालिकाओं को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) सहित लागू किए गए नए आपराधिक कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कानून का सहारा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं को 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवा तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का तत्काल उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं युवतियों को शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, नशे से दूर रहने, सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने तथा किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस एवं हेल्पलाइन सेवाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। महिला थाना इटावा पुलिस एवं आरपीएफ इटावा ने संयुक्त रूप से संदेश दिया कि सुरक्षित यात्रा, सुरक्षित समाज एवं जागरूक नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की पहचान हैं। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति अथवा अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा स्वयं जागरूक बनकर समाज को भी जागरूक करने में सहयोग करें।

# कोतवाली परिसर के अंदर का वीडियो वायरल, नियमों पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



डलमऊ, रायबरेली। कोतवाली परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चर्चाओं का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो को लेकर पुलिस विभाग में भी हलचल देखी जा रही है। मामले में कोतवाली परिसर के भीतर वीडियो बनाए जाने और उसके बाद सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जाने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक थाने के अन्दर आम युवकों द्वारा मनोरंजन या सोशल मीडिया के रील और वीडियो बनाना कानूनन और सुरक्षा के .ष्टि बिल्कुल भी उचित नहीं है जो सुरक्षा और गोपनीयता का उल्लंघन माना गया है। वही किसी मामले को लेकर कुछ युवकों को पुलिस कोतवाली ले गई थी। बताया जाता है कि अगले दिन कुछ जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के साथ युवकों को छुड़वाने पहुंचे थे इसी दौरान कोतवाली परिसर के भीतर बनाए गए कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। वायरल वीडियो में कुछ युवक दिखाई दे रहे हैं जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर व्यापक रूप से प्रसारित किया गया, जिससे पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। थाने और कोतवाली जैसे संवेदनशील परिसरों में वीडियो बनाने तथा उसे सार्वजनिक करने पर स्पष्ट नियम हैं। ऐसे में परिसर के अंदर वीडियो कैसे बनाया गया और वह सोशल मीडिया तक कैसे पहुंचा इसकी जांच की आवश्यकता है। हालांकि मामले में पुलिस अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। लोगों की नजर अब इस बात पर टिकी है कि पुलिस विभाग वायरल वीडियो की जांच कर क्या कार्रवाई करता है।

# नईम पर पाकिस्तान में मौजूद हैंडलर्स से संपर्क रखने के आरोप

## – परिजनों ने पकड़े गए नईम अब्दुल को बताया पिछले सात साल से मानसिक रोगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। शुक्रवार की दोपहर नानौता के मोहल्ला अफगानान स्थित नईम अब्दुल पुत्र मुस्तफा के मकान में थाना नानौता पुलिस की मोजूदगी में मध्य प्रदेश एटीएस (एंटी–टेररिस्ट स्क्वाड) ने जबरदस्त तरीके से छापेमारी की मौके से पुलिस ने नईम अब्दुल पुत्र मुस्तफा (40) को गिरतार किया है, नईम अब्दुल की गिरतारी से पहले ही मध्य प्रदेश एटीएस (एंटी–टेररिस्ट स्क्वाड) ने इस पूरे मामले का प्रेस नोट जारी करते हुए बताया मध्य प्रदेश एटीएस ने पाकिस्तान में मौजूद हैंडलर्स से संपर्क रखने के आरोप में भोपाल के रहने वाले मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सैफुल्ला (34) को गिरतार किया है। उसने एजेंसी के सामने कबूल किया कि वह टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए उनसे जुड़ा हुआ था। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश एटीएस ने अपराध संख्या 6/26 धारा 152 बीएनएस और यूएपीए की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूछताछ में मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सेफुल्ला ने बताया नईम अब्दुल ने ही मुझे देश विरोधी गतिविधियों के लिए पाकिस्तानी हैंडलर्स से सम्पर्क कराया था धीरे धीरे में सीधे हैंडलर्स से बात करने लगा इस के लिए मुझे नईम अब्दुल ने ही तैयार किया था। गिरतारी के बाद नईम अब्दुल के परिजनों ने नईम को पिछले 7 से 8 साल से मानसिक रूम से बीमार बताया। वह किसी भी मस्जिद में नमाज नही पढ़ता, वह किसी भी मौलाना इमाम को अच्छा नही मानता, तबलीगी जमात को भी बुरा भला मानता है। जबसे उसके माता पिता का देहांत हुआ है तब से वह दिमागी संतुलन खो बैठा घर में किसी से भी कोई बात नही करना, घर में ही नमाज पढना खुदको अपने कमरे में बन्द रखता था। आस पास के पडोस में रहने वाले लोगो का भी कहना था कि हमने कभी उसको किसी के साथ बात करते हुए नही देखा उसका व्यवहार नार्मल आदमी वाला नही है इसी कारण उसकी 40 साल उम्र होने के बाद भी शादी नहीं की वह कोई काम करना नही जनता है पुलिस जब उससे पूछताछ करेगी तो वह उसको मानसिक रूप से बीमार ही पायेगी यदि नईम अब्दुल ने कोई अपराध किया है तो उसको इसकी सजा मिलनी ही चाहिए साथ में इलाज भी जिससे उसका मानसिक संतुलन सही हो जाये।



# डीपीएस स्कूल के पास चेकिंग में दो अंतर्राज्यीय बदमाश गिरफ्तार

## - तमंचा, कारतूस व चोरी की बाइक बरामद, सिविल लाइन पुलिस की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो अंतरराज्यीय अभियुक्तों को गिरतार कर उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस तथा चोरी की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 13 जून 2026 को थाना सिविल लाइन क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान डीपीएस स्कूल के सामने सर्विस रोड कट के पास एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई। जांच में मोटरसाइकिल चोरी की निकली, जिसके बाद दोनों आरोपियों को मौके से गिरतार कर लिया गया। गिरतार अभियुक्तों की पहचान जैद अहमद पुत्र उस्मान निवासी ग्राम सिंगर खेड़ा, थाना बिछोर, जिला नूंह (मेवात), हरियाणा तथा आरिफ पुत्र आशू उर्फ आस मोहम्मद निवासी ग्राम नौगावां, थाना जुरैरा, जिला डींग, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में धारा 317(2) बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, एक



जिंदा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की चोरी की गई सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और अन्य घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक कण्व कुमार मिश्रा, निरीक्षक अपराध राजेश कुमार मौर्य, उपनिरीक्षक संजय यादव, मुख्य आरक्षी पुष्कर शुक्ला, आरक्षी दीपक कुमार, आरक्षी अजय कुमार, आरक्षी रंजीत कुमार एवं आरक्षी कौशलेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता एवं सक्रियता के चलते अवैध हथियार के साथ घूम रहे दोनों अंतरराज्यीय अभियुक्तों को गिरतार कर एक संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोक दिया गया।

# मोहर्रम पर्व को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

## – शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को कोतवाली डलमऊ परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सत्येंद्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी



गिरजा शंकर त्रिपाठी ने की। बैठक में क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों से दूर रहें। यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने या विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने भी क्षेत्रवासियों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल अधिकारियों को देने की अपील की। बैठक में मोहर्रम जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक राघवन सिंह, डलमऊ चौकी प्रभारी सोनू पटेल, मुराईबाग चौकी प्रभारी अमरेश द्विवेदी, नासिर हुसैन, सदर लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, लिपिक सोहराब अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य, आशीष जायसवाल, सभासद शकील अहमद, फिरोज अहमद, सलेमपुर ग्राम प्रधान कमलेश यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं धर्मगुरु उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम पर्व के दौरान शांति, सुरक्षा एवं सौहार्द बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं तैयार है।

# व्यापारी एकता का महाकुंभ 14 जून को, 23 भामाशाह होंगे सम्मानित



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा संगठन एवं व्यापारी हितों के लिए वर्षों से समर्पित भाव से कार्य करने वाले 23 व्यापारी भामाशाहों का सम्मान समारोह 14 जून, रविवार को दोपहर 2 बजे शक्ति धाम मैरिज होम में आयोजित किया जाएगा। समारोह में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री सचिन कंछल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे तथा चयनित व्यापारियों को ष्व्यापार शिरोमणि सम्मानष से सम्मानित करेंगे। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में वर्ष 1994 से लेकर आज तक संगठन को मजबूत बनाने तथा व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करने वाले समर्पित व्यापारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारिक समाज में उत.ष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित कर नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यापारियों में जिला वरिष्ठ संरक्षक मन्ना बाबू सर्राफ, जिला संरक्षक डॉ. राम बिहारी तिवारी, डॉ. मुलायम सिंह यादव, गोपाल .ष्ण सारस्वत, प्रदेश मंत्री विवेक पोरवाल, जिला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, मो. लतीफ खान मंसूरी, अशोक पोरवाल, जिला प्रभारी रवि पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष बटेश्वरी दयाल प्रजापति, डॉ. सुशील सम्राट, रामचंद्र गुप्ता, आलोक वर्मा, दुष्यंत दीक्षित, प्रदीप पोरवाल (रज्जन), अनुज गुप्ता, डॉ. काले खान मंसूरी, वीरेंद्र कुमार शुक्ला, संग्राम सिंह भदौरिया, बसंत सिंह चौहान तथा नारायण गुप्ता शामिल हैं। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने जनपद के व्यापारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मानित होने वाले व्यापारियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह समारोह व्यापारिक एकता, संगठन की मजबूती और व्यापारी समाज के योगदान को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# मुंबई पुलिस की जांच में खुला हत्याकांड, शव बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

मंडावर, बिजनौर। गांव नारायणपुर सैफपुर खादर में एक महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि मुंबई में चिकन की दुकान चलाने वाले फैजल अंसारी ने अपनी प्रेमिका सना (35) की हत्या कर शव को गन्ने के खेत में दफना दिया। बताया जाता है कि आरोपी ईद के दौरान सना को मुंबई से अपने गांव लेकर आया था। इसके बाद महिला लापता हो गई। महिला के परिजनों की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मृतका की बहन शबाना आसिफ शेख मुंबई पुलिस टीम के साथ बिजनौर पहुंची। आरोपी की निशानदेही पर फतेहपुर संभाचंद क्षेत्र के एक गन्ने के खेत से महिला का शव बरामद किया गयझ्ं सूचना मिलने पर सीओ सिटी अभय पांडेय और मंडावर थानाध्यक्ष संजय तोमर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका की बहन ने मुंबई पुलिस पर आरोपी को बचाने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी पुलिस हिरासत में है।



# खीरी थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

## - अधिकारियों को दिए त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। थाना खीरी परिसर में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में जिले के आला अधिकारियों ने शिरकत कर जनता की समस्याओं को करीब से सुना। जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने खुद मोर्चे पर रहकर फरियादियों की शिकायतों की जनसुनवाई की। इस दौरान आला अधिकारियों की मौजूदगी से मातहतों में भी हड़कंप का माहौल रहा। दर्ज हुईं राजस्व और पुलिस से जुड़ीं कई शिकायतें समाधान दिवस के दौरान सुबह से ही फरियादियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर राजस्व, पुलिस, ग्राम विकास और अन्य सरकारी विभागों से जुड़ी कई शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें मुख्य रूप से जमीनी विवाद, आपसी मारपीट और रास्तों पर कब्जे से संबंधित मामले शामिल थे। डीएम की सख्त हिदायतरू श्गुणवत्ता से न हो कोई समझौताश जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने समाधान दिवस में आए एक–एक फरियादी की समस्या को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद राजस्व कर्मियों, लेखपालों और अन्य विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी मामले में फरियादी को अनावश्यक दौड़ाया गया या निस्तारण में कोई भी हीलाहवाली पाई गई, तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसपी का पुलिस को निर्देशरू श्समयबद्ध हो मामलों की कार्रवाईश वहीं, पुलिस से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने थानाध्यक्ष और पुलिस बल को निर्देश दिया कि कानून–व्यवस्था से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। एसपी ने दो टूक शब्दों में कहा कि, षशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस मामलों में त्वरित और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि जनता का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके।ष कई मामलों का मौके पर ही हुआ निपटारा समाधान दिवस की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि डीएम और एसपी की पहल पर कई छोटे–बड़े विवादों का तत्काल प्रभाव से मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। जिन मामलों में मौके पर मुआयने की आवश्यकता थी, उनके लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर उन्हें तुरंत मौके पर जाकर विवाद सुलझाने के लिए रवाना किया गया। इस दौरान थाना अध्यक्ष, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत थाने के सभी पुलिसकर्मी और भारी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। आला अधिकारियों के इस औचक जनसुनवाई कार्यक्रम से आम जनता में भारी उत्साह और न्याय की उम्मीद देखने को मिली।



# सेवा, सुशासन व सम्मान का संदेश देगा तीन दिवसीय जनकल्याण अभियान

## - केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तेजवापुर में आयोजन
## - आवास लाभार्थियों को सौंपी जाएंगी चाबियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकास खंड तेजवापुर में रविवार से तीन दिवसीय समेकित जनकल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान का शुभारंभ होगा। 14 से 16 जून तक चलने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लोगों को योजनाओं



का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण एवं सहायता प्रदान की जाएगी। खंड विकास अधिकारी प्रतीक ने बताया कि अभियान का आयोजन सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान की भावना के साथ किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबियां और स्वी.ति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लोगों की सफलता की कहानियों को भी साझा किया जाएगा। अभियान स्थल पर .षि, ग्राम्य विकास, सहकारिता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, बाल विकास, शिक्षा, विद्युत, खाद्य एवं रसद, बैंकिंग सेवाएं तथा आधार पंजीकरण समेत कई विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण और सत्यापन भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तेजवापुर और महसी विकासखंड के ग्राम प्रधानों को प्रशासक प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। बीडीओ ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, पात्र लोगों को लाभ से जोड़ना तथा जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रहने की संभावना है।

# सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए योगी सरकार लगातार कर रही कार्य

## - नरैनी तहसील में गुढ़ा पंप नहर के आधुनिकीकरण का काम तेज
## - किसानों की बदलेगी तकदीर 6.16 करोड़ की लागत से सिंचाई विभाग चमका रहा नहर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में किसानों की तकदीर बदलने और सिंचाई व्यवस्था को सु.ढ़ करने के लिए योगी सरकार लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी कड़ी में जिले की नरैनी तहसील के अंतर्गत आने वाली गुढ़ा पंप नहर के आधुनिकीकरण का कार्य बेहद तेज गति से चल रहा है। इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा। जिससे उनकी फसलों की पैदावार बढ़ेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। 6.16 करोड़ रुपये किब्लागत से हो रहा कायाकल्प सिंचाई विभाग द्वारा गुढ़ा पंप नहर के कायाकल्प और आधुनिकीकरण के लिए कुल 6.16 करोड़ रुपये की भारी–भरकम राशि खर्च की जा रही है। इस बजट से नहर की मरम्मत पंपों के नवीनीकरण और जल प्रवाह को बेहतर बनाने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना का लगभग 55 फीसदी काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट की शुरुआत



21 जनवरी 2025 को हुई थी और बेहद कम समय में आधे से ज्यादा काम खत्म कर लिया गया है। हालांकि इस परियोजना को पूरा करने की आधिकारिक समय–सीमा 20 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है लेकिन सरकार और सिंचाई विभाग का लक्ष्य इसे समय से काफी पहले ही पूरा करने का है और कार्य की रतार को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि किसानों को बहुत जल्द इसका लाभ मिलने लगेगा। आधुनिक तकनीक और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ तैयार हो रही नहर आधुनिक तकनीक और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ तैयार हो रही यह नहर टेल एंड तक के खेतों में पानी पहुंचाने में सक्षम होगी। जो इस क्षेत्र के लिए हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है। गुढ़ा पंप नहर के आधुनिक रूप को देखकर स्थानीय किसानों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि पहले पानी की कमी के कारण उनकी फसलें सूख जाती थीं या वे सही ढंग से बुआई नहीं कर पाते थे। लेकिन अब योगी सरकार के इस प्रयास से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होने जा रहा है। पानी की पर्याप्त उपलब्धता से किसान अब साल में कई फसलें ले सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस किसान–हितैषी नीति और त्वरित कार्यप्रणाली का गुणगान करते हुए क्षेत्र के किसानों ने सरकार का आभार जताया है। किसानों का कहना है कि डबल इंजन की सरकार जमीन पर काम करके दिखा रही है और अन्नदाताओं की खुशहाली के लिए पूरी तरह समर्पित है। गुढ़ा पंप नहर का यह आधुनिकीकरण बांदा के .षि इतिहास में एक नया मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

# एमएलसी ने किया जन संवाद सभी वर्ग हुआ शामिल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तहसील क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर स्थित आइकॉन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सभागार में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन संस्था प्रबंधक अशरफ बिलाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह (एमएलसी, स्नातक क्षेत्र लखनऊ



खंड) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है तथा भारत आज विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। विशिष्ट अतिथि भरत त्रिपाठी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला एवं व्यापारी वर्ग के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और पारदर्शी शासन व्यवस्था के कारण जनता का विश्वास सरकार के प्रति लगातार मजबूत हुआ है। अध्यक्षीय संबोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं ने समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित किया है तथा देश को विकास की नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। संगोष्ठी में अधिवक्ता, शिक्षक, पत्रकार, कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी एवं गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की विभिन्न उपलब्धियों और योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित जनों ने राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मंडल की ओर से सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# आईजी ने लापरवाह पुलिस कर्मियों को दी सख्त चेतावनी

## - आगामी त्योहारों, तस्करी और कानून-व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक
## - मुकदमों के निस्तारण में कोताही बर्दाश्त नहीं, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। भारत–नेपाल सीमा से सटे अत्यंत संवेदनशील जिले लखीमपुर खीरी में कानून–व्यवस्था, सीमा पार तस्करी और आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस महकमा पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया है। लखनऊ रेंज के आईजी किरण ने खुद लखीमपुर खीरी पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग सहित जिले के सभी आला अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश दिए। मुकदमों के निस्तारण में लापरवाही पर होगी कार्रवाई बैठक के दौरान आईजी ने जिले के अपराध ग्राफ और दर्ज मुकदमों की समीक्षा की। उन्होंने थानों में दर्ज मुकदमों पर प्रभावी और समयबद्ध कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। आईजी ने थाना प्रभारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जन शिकायतों और मुकदमों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को अपराध के प्रति गंभीरता दिखाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है। सीमा पर हाई अलर्ट, खुफिया तंत्र होगा मजबूत लखीमपुर खीरी की भौगोलिक स्थिति का जिक्र करते हुए आईजी किरण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े होने के कारण यह जिला बेहद संवेदनशील है। ऐसे में यहां तैनात पुलिस बल को अन्य जिलों की अपेक्षा अधिक सतर्क और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। उन्होंने सीमा क्षेत्रों में होने वाली तस्करी, अवैध मादक पदार्थों के कारोबार और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए शविशेष अभियानश चलाने के निर्देश दिए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया तंत्र (इंटेलिजेंस)



को और अधिक मजबूत करने को कहा है। त्योहारों पर अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस पहले से ही सतर्क हो गई है। आईजी ने निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस की गश्त बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए हैं। जनता का विश्वास जीतना पुलिस की प्राथमिकता समीक्षा बैठक के बाद रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आईजी किरण ने पत्रकारों से भी बातचीत की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और कानून–व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीमावर्ती जनपद होने के कारण पुलिस यहां एक विशेष रणनीति के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग से जिले में शांति, सुरक्षा और विश्वास का माहौल बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में डीसीएम क्लीनर की मौत

## – ससुराल पक्ष ने जताई हत्या की आशंका

न्यूज वाणी ब्यूरो



एलाऊ। थाना एलाऊ क्षेत्र के गांव मधुपुरी इलाबांस निवासी शिवओम (38) पुत्र रनवीर सिंह डीसीएम वाहन पर क्लीनर का कार्य करता था। बताया गया है कि वह इलाबांस निवासी प्रवेश परमार की डीसीएम पर कार्यरत था। बीते शुक्रवार की रात आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर जनपद हरदोई के थाना कासिमपुर क्षेत्र में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें क्लीनर शिवओम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। घटना की सूचना मिलते ही वाहन स्वामी और मृतक के पिता मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस की सहायता से शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी दौरान थाना किशनी क्षेत्र के गांव कटरा चितायन निवासी मृतक के ससुराल पक्ष के लोग गांव पहुंच गए और अंतिम संस्कार का विरोध करते हुए डायल 112 पुलिस को सूचना दे दी। ससुराल पक्ष का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व मृतक और वाहन चालक के बीच कहासुनी हुई थी। उनका कहना है कि दुर्घटना सामान्य हादसा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित घटना है और मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पत्नी की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। शिवओम अपने पीछे तीन नाबालिग बच्चों को छोड़ गए हैं। पिता की मौत से बेसहारा हुए बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल है। बच्चों का कहना है कि पहले मां का साया सिर से उठ गया था और अब पिता भी उन्हें छोड़कर चले गए। ऐसे में उनके पालन–पोषण और भविष्य को लेकर चिंता गहरा गई है। पुलिस का कहना है कि यदि परिजनों की ओर से कोई तहरीर दी जाती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा, जसवंतनगर। थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 8 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गारमपुर निवासी प्रिंस (16 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय शोबरन सिंह अपनी होंडा एक्सट्रीम मोटरसाइकिल से हरकुपुर गांव सरिया काटने वाले कटर को देने जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह सदर बाजार स्थित ओम साईं बीच भंडार के पास इमली के निकट पहुंचा, तभी जसवंतनगर बस स्टैंड चौराहे की ओर से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। जैसे ही यह दुर्घटना घटी ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया। जिसे कस्बा इंचार्ज मनीष ने ड्राइव करते हुए थाने में जमा कराया हादसे में प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक तीन भाइयों में मंझला था। उसके बड़े भाई सन्नी, छोटे भाई लवकुश, बहन नंदिनी तथा मां गंगा देवी का रो–रोकर बुरा हाल है। घटना से ग्रामीणों में भी शोक व्याप्त है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना सिविल लाइन पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। थाना दिवस के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। एसएसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध



कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का न्यायोचित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए तथा पात्र शिकायतकर्ताओं को शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना रहा।

# घर से गए 14 वर्षीय किशोर का पता लगाकर परिजनों को सौंपा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा पिता की डांट से नाराज होकर गए 14 वर्षीय किशोर का पता लगाकर सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि शुक्रवार को थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम सिकहुला के रहने वाले बलवीर सिंह द्वारा शाम में थाना जसपुरा पर सूचना दी गई कि वह अपने 14 वर्षीय पुत्र को डांट दिया था जिससे नाराज होकर वह घर से बिना बताए कहीं चला गया है काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल पाया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना जसपुरा ऋषिदेव सिंह द्वारा तत्काल टीमों का गठन करते हुए गांव जाकर आस–पास के लोगों से पूछताछ करते हुए देर रात्रि ग्राम सिकहुला के जंगल से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पूछताछ में किशोर द्वारा बताया गया कि पिता की डांट की वजह से गुस्से व डर के कारण जंगल में चला आया था। पुलिस टीम द्वारा किशोर को समझाया गया कि माता–पिता की बातों से नाराज होकर घर छोड़ना उसके लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है तथा भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर अपने माता–पिता एवं परिवारजनों से बातचीत करे तथा परिजनों को भी बच्चों के साथ संयमित व्यवहार करने तथा उनकी



भावनाओं को समझते हुए उचित मार्गदर्शन देने की सलाह दी गई। किशोर एवं परिजनों द्वारा भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन दिया गया। पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में ऋषिदेव सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जसपुरा, व0उ0नि0 प्रेम पाल सिंह, उ0नि0 अवधेश कुमार, कां0 दीपक शामिल रहे।

# अवैध असलहा के साथ तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। तीनों शातिर अभियुक्तों के कब्जे से 02 पिस्टल मय 02 मैगजीन, 01 रिवाल्वर, 08 तमंचे व भारी मात्रा में जिन्दा कारतूस बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की गिरतारी के विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना मटसैना पुलिस टीम द्वारा दौराने चेकिंग रसीदपुर कनैटा जाने वाले रास्ते पर हाइवे की ओर से एन0एच0 02 की ओर जाने वाले रास्ते पर अभियुक्तगण अरविन्द कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी थकावन थाना सकरौली जनपद एटा, अजय यादव उर्फ गिल्ला पुत्र मदन लाल निवासी समोगर थाना बमबरोली कटारा जनपद आगरा व श्रीकान्त उर्फ तव्वा पुत्र मोरध्वज निवासी उदयपुर



थाना बरहन जनपद आगरा को मय दो पिस्टल 32 बोर मय दो मैगजीन 06 जिंदा कारतूस 32 बोर एक रिवालवर 32 बोर व 03 तमंचा 12 बोर व 10 जिंदा कारतूस 12 बोर व 05 अदद तमंचा 315 बोर व 08 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के गिरतार किया गया। मौके से गौरव पुत्र नामालूम फरार हो गया। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ पर उक्त समस्त माल रामू व मनोज नाम के व्यक्तियों से खरीदा हुआ बताया गया।

# 12 साल बेमिसाल संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो/तंबौर, सीतापुर। कस्बे के रामलीला मैदान पर स्थित देवी माता मंदिर प्रांगण में नगर पंचायत तम्बौर द्वारा आयोजित भारतीय जनता पार्टी केंद्र में 12 साल व राज्य में 9 वर्ष बेमिसाल संवाद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप



में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा रहे। अध्यक्षता चेयरमैन तोयबुन निशा, शासन द्वारा नामित सभासद राम सिंह वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से आम जनता को हुए लाभों की जानकारी दी तथा उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में राम सिंह वर्मा, सैय्यद मो रेहान, मनोज नाग, अजय पटेल, गनेशी, शिवम वर्मा, मेराज खान, हाजी शीबू, अलीम पहलवान, मुहिल खान, सगीर खान, लतीफ अंसारी, मौलाना गुफरान, शाहिद खान व पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# थारू बाहुल्य गांव बिशुनापुर का प्रमुख सचिव वी. हेकाली झिमोमी ने किया भ्रमण

## - प्रकृति व्याखयान केन्द्र में मण्डल के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## - अवेरनेस सेन्टर में सेल्फी प्वाईन्ट का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश वी. हेकाली झिमोमी नें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश श्रीमती अनुराधा वेमुरी के साथ कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के नावघाट स्थित प्र.ति व्याखयान केन्द्र में देवीपाटन मण्डल के समस्त वन प्रभागों की विभागीय समीक्षा के पश्चात ईको अवेरनेस सेन्टर में सेल्फी प्वाईन्ट का उद्घाटन किया। तत्पश्चात कतर्नियाघाट रेंज के थारू बाहुल्य गांव बिशुनापुर में ईको विकास समिति बिशुनापुर में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तशिल्प और जूट के बने उत्पादों का अवलोकन किया तथा डब्लू डब्लू एफ इंडिया एवं ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बहराइच द्वारा 12 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षाणर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इसके पश्चात प्रमुख सचिव व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इको विकास समिति योजना अन्तर्गत ग्राम विशुनापुर इको विकास समिति के सदस्यों, वन विभाग व डब्लूडब्लूएफ द्वारा तैयार किये गये पांच वर्षीय माइक्रोप्लान का संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव व प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सामुदायिक कार्यकर्ताओं बाघ मित्रों एवं गज मित्रों से संवाद करते हुए मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने हेतु किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हमें वन्य जीवों के संरक्षण के लिए आमजनमानस को जागरूक करना होगा। जनजागरूकता तथा वन्य जीव संरक्षण के जिम्मेदार सभी स्टेक होल्डर्स के प्रयायों से ही मानव वन्य जीव संघर्ष को रोका जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डब्लूडब्लूएफ इंडिया के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी



दबीर हसन ने बताया कि वनों के समीप स्थित गांवों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इको विकास समिति योजना संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत स्थानीय समुदाय को जैव विविधता संरक्षण में समुचित भागीदारी जैसे वनों पर निर्भरता कम करने हेतु वैकल्पिक संसाधनों का प्रयोग, रोजगार के अवसरों में स्थानीय समुदाय के पारंपरिक ज्ञान का प्रयोग, मानव वन्यजीव सह अस्तित्व को बढ़ावा देना, वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण हेतु जागरूकता तथा .षि गतिविधियों में सुधार के साथ उनके शिक्षा एवं अन्य विकास कार्यक्रमों को लागू करना परियोजना का मुख्य उद्देश्य है। फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाईगर रिजर्व डॉ एच. राजामोहन ने कहा कि दुधवा टाईगर रिजर्व में समुदाय आधारित वन्यजीव प्रबंधन अंतर्गत कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि हो रही है और मानव वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण में भी स्थानीय लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ है। भविष्य में दुधवा टाईगर रिजर्व के सभी प्रभागों में ईको विकास समितियों को मजबूत किया जाएगा जिसमें डब्लू डब्लू एफ इंडिया की सहयोगी भूमिका रहेगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने कहा कि समुदाय आधारित कार्यक्रमों में महिलाओं और जनजातियों की भूमिका अग्रणी रहेगी तथा उनके परंपरागत ज्ञान का उपयोग कर रोजगार से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने सामुदायिक स्तर पर किए जाने वाले कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये तथा शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण स्तर पर वन क्षेत्र के लोगों के उत्थान हेतु विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों से अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग अपूर्व दीक्षित ने कहा कि वर्तमान समय में वन्यजीव प्रभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष प्रभावित गांवों में जागरूकता बैठक आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण का कार्य किया जा रहा है और विभिन्न संस्थाओं और सरकारी विभागो से समन्वय किया जा रहा है। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव ने .षकों विशेषकर हल्दी की खेती करने वाले किसानों से संवाद कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए .षकों को विषमुक्त प्रा.तिक खेती करने का सुझाव दिया।

# शादी की जिद में टावर पर चढ़ा युवक, घंटों चला हाई-वोल्टेज ड्रामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। ग्राम अलादीनपुर में एक युवक द्वारा युवती से शादी कराने की मांग को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ जाने से हड़कंप मच गया। युवक के टावर पर चढ़ने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चले समझाने–बुझाने और पुलिस की सूझबूझ के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। युवक के नीचे आने पर पुलिस और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस युवक को अपने साथ थाने ले गई, जहां उससे और उसके परिजनों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक एक युवती से शादी कराने की मांग को लेकर टावर पर चढ़ा था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज विवाद में रुकी दुल्हन की विदाई, समझौते के बाद लौटी बारात

न्यूज वाणी ब्यूरो

कोतवाली देहात, बिजनौर। एक निकाह समारोह उस समय विवाद का कारण बन गया जब निकाह के बाद दहेज को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया, जिससे समारोह स्थल पर अफरा–तफरी मच गई। घटना में कई लोगों को मामूली चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार किरतपुर क्षेत्र से आई बारात का निकाह कार्यक्रम कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव में आयोजित किया गया था। निकाह की रस्म पूरी होने के बाद किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद बढ़ने पर कुर्सियां और लाठी–डंडे चलने लगे, जिससे दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पुलिस कुछ लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले गई। रातभर चली बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। हालांकि समझौते के बावजूद दुल्हन की विदाई नहीं हो सकी और बारात वापस लौट गई। पुलिस ने एहतियातन दोनों पक्षों के कुल 12 लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मामला आपसी सहमति से सुलझा लिया गया है।

# प्रशासनिक अंधेरगर्दी ने उजाड़ा शादी का घर

## - अतिक्रमण के फेर में बदली बस की राह

## - हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत, 9 झुलसे

## - खीरी टाउन की शर्मनाक लापरवाहीः ठेकेदार ने झाड़ा पल्ला

## - बिजली विभाग के जेई और पेट्रोलमैन पर गिरी गाज, मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। एक तरफ शहनाइयों की गूंज थी, तो दूसरी तरफ रस्मों–रिवाजों का उल्लास। लेकिन प्रशासनिक निकम्मेपन और रसूखदारों के अतिक्रमण ने पल भर में खुशियों के इस माहौल को चीख–पुकार और मातम में बदल दिया। खीरी टाउन में गुरुवार शाम एक बड़ा हादसा तब सामने आया, जब बरातियों से भरी बस अचानक लो–हाइट (कम ऊंचाई) वाली हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गई। करंट का झटका इतना जोरदार था कि दूल्हे की ममेरी बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित नौ लोग गंभीर रूप से झुलस गए। इस भयावह हादसे के बाद हरकत में आए बिजली विभाग ने जूनियर इंजीनियर (जेई) विमल रावत और पेट्रोलमैन शाकिर अली को सस्पेंड कर



दिया है। वहीं, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित विभाग और जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तंग गलियां और अवैध कब्जे बने काल स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मोहल्ला पट्टी रामदास निवासी मोईन की दो बेटियों का निकाह था। बरातें सीतापुर और पीलीभीत से आई थीं। मुख्य चौराहे से पट्टी रामदास जाने वाले तय मार्ग पर इस कदर अवैध अतिक्रमण था कि वहां से पैदल निकलना भी दूभर था। मजबूरन बरातियों की बस को रामापुर होकर डायवर्टेड रूट से ले जाना पड़ा। इसी वैकल्पिक मार्ग पर एक पुलिया के पास झूल रही 11?झ्राट की हाईटेंशन लाइन बस की छत से टकरा गई और पूरी गाड़ी में मौत का करंट दौड़ गया। हादसे के पीड़ितरू खुशियां मातम में बदलीं मृतकरू जीनत (23 वर्ष), निवासी पलिया (दूल्हे की ममेरी बहन)। गंभीर रूप से घायलरू साहिरा (हालत नाजुक, लखनऊ रेफर)। अन्य घायलरू शायरा बानो, शायदा बेगम, अमजद हुसैन, सानिया, इशरत, ताहिर, अनाबिया (7 वर्ष) और शादमान (12 वर्ष)। जिम्मेदारी से भागा ठेकेदार, अफसरों पर फूटा गुस्सा हादसे के बाद विभाग और ठेकेदार के बीच श्ब्लेम गेमश शुरू हो गया है। काकुल ट्रेडर्स के ठेकेदार फराज ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उसने नवंबर 2025 में ही पोल लगाने का काम पूरा कर दिया था और उसका भुगतान भी हो चुका है। हालांकि, अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार यादव की शुरुआती जांच में बड़ी लापरवाही सामने आई हैरू लो–ग्राउंड क्लीयरेंसरू लाइन जमीन से काफी नीचे झूल रही थी, जो नियमों के खिलाफ है। अवैध लाइन लिंकिंगरू जेई विमल रावत पर आरोप है कि उन्होंने बिना अनुमति के नई 11? झ्राट लाइन को इंडस्ट्रियल फीडर से जोड़ दिया था, जिसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई। आंसुओं के बीच पढ़ी गई निकाह की आयतें' इस हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक तरफ अस्पताल में घायल जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे, तो दूसरी तरफ देर रात बेहद गमगीन माहौल में जैसे–तैसे निकाह की रस्में पूरी की गईं। सुबह विदाई के वक्त दुल्हन के घर से डोली के साथ–साथ हादसे का शिकार हुई युवती का शव भी रवाना हुआ, जिससे हर आंख नम थी।

लड़की पक्ष की तहरीर और बिजली विभाग की आंतरिक रिपोर्ट के आधार पर जेई, पेट्रोलमैन के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की गहराई से जांच हो रही है, किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा– अवनीश कुमार सिंह, थाना प्रभारी, खीरी।

# दो बाइकों की टक्कर, डंपर की चपेट में आकर किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। रायपुर–नगीना मार्ग पर शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में एक किशोर की मौत हो गई, जबकि उसके पिता समेत दो लोग घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने–सामने की टक्कर के बाद हुआ। जानकारी के अनुसार नगीना देहात थाना क्षेत्र के बड़ी बनी गांव निवासी मुनीर अहमद अपने पुत्र अजमल के साथ बाइक से नगीना की ओर जा रहे थे। रास्ते में बहेड़ी गांव के निकट उन्होंने आगे चल रहे ट्रैक्टर–ट्रॉली को पार करने का प्रयास किया। इसी दौरान उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ गई। टक्कर के बाद दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच पीछे से आ रहे एक डंपर की चपेट में आने से अजमल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मुनीर अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर किया गया। दूसरी बाइक सवार गौरव कुमार को भी उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे में शामिल डंपर को कब्जे में ले लिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# गहमा-गहमी के साथ सम्पन्न हुई नगर पंचायत की बोर्ड बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। लगभग दस माह बीत जाने पर आदर्श नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित हुई बोर्ड बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष तैयबुन की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में अधिशाषी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह के नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में विकास कार्यों, साफ–सफाई, पेयजल व्यवस्था,




सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था सहित नगर के विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। तथा नई कार्य योजनाओं पर जैसे कस्बे के अहमदाबाद पश्चिमी में नौजवानों के खेल को लेकर स्टेडियम, अहमदाबाद गंज में पड़ी चीलघर की जगह पर ऑटो स्टैंड, बस स्टैंड पर, गांजर तिराहे पर किसी महा पुरुष की प्रतिमा स्थापित जैसे अनेकों कार्यों पर शासन से मांग की गई। बैठक के दौरान सभासदों ने अपने–अपने वार्डों की समस्याएं रखीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक प्रस्ताव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी ने सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया। बैठक में जनहित से जुड़े कई प्रस्तावों पर सहमति बनी। इस दौरान सभी सभासदों की मौजूदगी से बैठक में गहमा–गहमी का माहौल रहा बना रहा। तंबौर से पदमाकर दीक्षित की खास रिपोर्ट।

# फर्जी क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर ठगी करने वाले गैंग का भंडाफोड़

## - छह अंतर्राज्यीय साइबर ठग दबोचे, लाखों की ठगी के नेटवर्क का खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। साइबर अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। स्वयं को क्राइम ब्रांच एवं पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को झूठे मुकदमों और गिरतारी का भय दिखाकर साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह साइबर ठगों को गिरतार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 9 मोबाइल फोन, 15 सिम कार्ड, 5 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड तथा साइबर ठगी से अर्जित 24,800 रुपये नकद बरामद किए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष सिंह के नेतृत्व में साइबर थाना एवं थाना भरथना पुलिस की संयुक्त टीम ने यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की। जनपदीय साइबर सेल द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के विश्लेषण के दौरान एक साइबर ठगी में प्रयुक्त मोबाइल फोन की लोकेशन थाना भरथना क्षेत्र में मिली। जांच में सामने आया कि एक संगठित गिरोह लोगों को फोन कर स्वयं को क्राइम ब्रांच अथवा पुलिस विभाग का अधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। सूचना के आधार पर साइबर सेल और भरथना



पुलिस की संयुक्त टीम ने झिन्दुआ पुल के निकट निर्माणाधीन बाईपास के पास छापेमारी कर छह आरोपियों को गिरतार कर लिया। पुलिस पूछताछ में गिरतार आरोपियों ने बताया कि वे देश के विभिन्न राज्यों के लोगों को फोन कर स्वयं को क्राइम ब्रांच, साइबर सेल अथवा पुलिस अधिकारी बताते थे। फोन पर पुलिस सायरन की आवाज सुनाकर लोगों को डराते और कहते थे कि उन्होंने इंटरनेट पर अश्लील या प्रतिबंधित सामग्री देखी है, जिसके कारण उनके खिलाफ गंभीर मुकदमा दर्ज होने वाला है। गिरतारी और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे धनराशि विभिन्न बैंक खातों और यूपीआई आईडी पर मंगवाई जाती थी। बाद में उस धनराशि को अलग–अलग खातों के माध्यम से निकालकर आपस में बांट लिया जाता था। गिरतार अभियुक्तों में नीरज सिंह, मिंटू, मोहित, राम खिलावन, रवि तथा सुमित कुमार शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना भरथना में संबंधित धाराओं एवं आईटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में छह अन्य सहयोगियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं, जिनकी गिरतारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरोह लंबे समय से संगठित तरीके से साइबर अपराधों को अंजाम दे रहा था और लोगों को मानसिक रूप से भयभीत कर ठगी करता था। इस उत्.ष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा ने पूरी पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया है। वहीं प्रभावी मॉनीटरिंग और कार्रवाई के लिए साइबर सेल इटावा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है। इटावा पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध के विरुद्ध बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में साइबर थाना के उप निरीक्षक लोकेश कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी मनीष कुमार, मुख्य आरक्षी विजय सिंह, आरक्षी ब्रजेश गोला, आरक्षी पंकज सिंह एवं आरक्षी महेन्द्र सिंह शामिल रहे। वहीं थाना भरथना की टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह, निरीक्षक अपराध अरिमर्दन सिंह, उप निरीक्षक कोमल चौधरी, आरक्षी शिवओम, आरक्षी रामदत्त, आरक्षी शिवनाथ सिंह तथा आरक्षी बीनू पवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों की सक्रियता, तकनीकी दक्षता और टीमवर्क के चलते साइबर ठगी करने वाले इस संगठित गिरोह का पर्दाफाश संभव हो सका।

# सभी थानों पर आयोजित हुआ संपूर्ण थाना समाधान दिवस

### – फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण दिए गए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो/महोबा। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न थानों पर आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों,



कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ द्वारा थाना कुलपहाड़ पर आयोजित थाना समाधान दिवस में प्रतिभाग कर जनसुनवाई की गई। उपस्थित अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को विस्तार से सुनते हुए संबंधित प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी समस्याएं रखने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे शिकायतों के त्वरित समाधान की दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। पुलिस एवं जिला प्रशासन जनसमस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत की महिला जिला व नगर कमेटी का गठित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत (गर्ग गुट) की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को देवीगंज स्थित गेस्ट हाउस अध्यक्ष हार्दिक गुप्ता के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला जिला एवं नगर कमेटी का गठन किया



गया। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष शालिनी गुप्ता व महिला नगर अध्यक्ष रागिनी सिंह को पदभार ग्रहण कराकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने की। उन्होंने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संरक्षक मनीषा गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष मधु, प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता द्विवेदी एवं प्रदेश पदाधिकारी मनीष तिवारी उपस्थित रहे। जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी ने बैठक का संचालन करते हुए व्यापारियों को संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। उनके साथ युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने जिला महिला अध्यक्ष व नगर अध्यक्ष महिला को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं की सहभागिता बढ़ाने और संगठन को नई दिशा देने पर बल दिया। बैठक में महिला शक्ति को समाज और व्यापारिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर सानू गुप्ता, गुडिया तिवारी, अर्चना श्रीवास्तव, पुष्पा विष्वकर्मा, किशन त्रिपाठी, अमित सोनी, बबला सोनी, अभय गुप्ता, राहुल सोनी, शंकर सिंह, विनोद गौतम एवं हार्दिक गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## प्रमुख सचिव ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत रोपित किया पौध

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश वी. हेकाली झिमोमी नें प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश अनुराधा वेमुरी के साथ शुक्रवार शाम वन प्रभाग के बहराइच रेन्ज में स्थित कटहा ग्राम समाज भूमि प्लांटेशन साइट वर्ष 2024—25 का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। प्रमुख सचिव श्रीमती



झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के अनुसार एक पेड़—माँ के नाम अभियान के तहत पौध का रोपण भी किया। प्रमुख सचिव श्रीमती झिमोमी ने अन्य अधिकारियों के साथ भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामवासियों तथा बहराइच वन प्रभाग के वन्य जीव मित्रों से संवाद करते हुए वन्य जीवों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि सजगता व सतर्कता बनाये रखें। आमजन को सुझाव दिया कि जिला प्रशासन, वन विभाग तथ वन्य जीव विशेषज्ञों द्वारा दिये जा रहे सुझावों पर अमल करें। प्रमुख सचिव ने वन्य जीव मित्रों को टी—शर्ट व कैप वितरित कर उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) उत्तर प्रदेश अनुराधा वेमुरी, देवीपाटन मण्डल के वन संरक्षक डॉ. सेम्मारन एम, वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सुंदरेशा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री प्रियंका का जन्म दिनाकं 10.09.2010 को घर पर हुआ था। माता का नाम दुखिया देवी है। अज्ञानतावश मेरी पुत्री का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। रामसागर पुत्र गंगा सहाय निवासी आबूनगर रेडड्या, शहर व जिला फतेहुपर।




# आधा दर्जन गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग जर्जर

## - ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को उठानी पड़ती परेशानी

न्यूज वाणी ब्यूरो

चौडगरा, फतेहपुर। मलवां विकास खंड के रेवाड़ी—समसाही (सुल्तानपुर) संपर्क मार्ग से लक्ष्मणपुर गांव को जोड़ने वाला लगभग 800 मीटर लंबा संपर्क मार्ग वर्षों से अत्यंत खराब एवं जर्जर अवस्था में पड़ा हुआ है। सड़क की दुर्दशा के चलते क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय समाजसेवी अजीत कुमार सैनी ने सड़क निर्माण को लेकर जिला पंचायत, मण्डी समिति तथा पीडब्ल्यूडी विभाग से कई बार मांग की, लेकिन सभी विभागों ने इस सड़क को अपने विभाग का न बताते हुए निर्माण कराने से असहमति जता दी। इस मार्ग से इब्राहिमपुर, रामपुर, देवमई, सौनखेड़ा, कोटिया सहित आधा दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों का आवागमन होता है, विभागों द्वारा दी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि उक्त मार्ग उनके विभाग द्वारा निर्मित नहीं कराया गया है। शिकायतकर्ता अजीत कुमार सैनी ने बताया कि सभी विभाग सड़क निर्माण कराने में सहमत नहीं हैं और न ही कोई विभाग यह स्पष्ट कर पा रहा है कि आखिर यह सड़क किस विभाग के अंतर्गत आती है। विभागों की आपसी जिम्मेदारी तय न होने के कारण ग्रामीणों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब इस संबंध में जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की जाएगी। यदि इसके बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो



मुख्यमंत्री से पुनः शिकायत कर सड़क बनवाने की मांग की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग से आधा दर्जन गांवों के लोगों का प्रतिदिन आवागमन होता है। सड़क पूरी तरह टूट चुकी है, जिससे आए दिन स्कूली बच्चे गिरकर चोटहिल हो जाते हैं तथा राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# मिशन शक्तिः महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

## - सुरक्षा व स्वावलंबन का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में शासन द्वारा संचालित मिशन



शक्ति अभियान फेज—5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं एवं ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा उनके त्वरित और विधिसम्मत निस्तारण के संबंध में जानकारी दी गई। शनिवार को सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया। इस दौरान महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की सुरक्षा तथा आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर अपराध पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस विभाग ने महिलाओं व बालिकाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना संकोच हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें और तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# युवती के लापता होने से हड़कंप, नकदी-जेवर लेकर जाने का आरोप

## - धर्म परिवर्तन की आशंका पर गरमाई सियासत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के हरनाव गांव में एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को बहला—फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही युवती के घर से करीब 20 हजार रुपये नकद और जेवरात लेकर जाने की बात भी कही गई है। घटना के बाद गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है, जबकि परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हरनाव गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना असोथर में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को गांव का ही एक युवक अपने प्रभाव में लेकर कहीं ले गया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि युवती घर से नकदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई है। घटना के बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जब वे युवक के घर जानकारी लेने पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और धमकियां भी दीं। इस घटना से परिवार में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों में भी नाराजगी देखी जा रही है। मामले को लेकर समाजसेवी धर्मेंद्र सिंह जनसेवक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने थाना अध्यक्ष असोथर से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच कर युवती की सकुशल बरामदगी सुनिश्चित



करने की मांग उठाई। साथ ही क्षेत्र में कथित धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और अवैध निर्माण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। थानाध्यक्ष असोथर ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस सभी तथ्यों और आरोपों की पड़ताल कर रही है तथा युवती की तलाश के लिए आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। मामले की वास्तविकता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी, लेकिन घटना ने पूरे क्षेत्र में हलचल जरूर पैदा कर दी है।

# रेडक्रॉस ने सैलून संचालक की मदद को बढ़ाया हाथ

## - उपलब्ध कराई रोजगार सामग्री, दुकानदार ने जताया आभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन ने एक जरूरतमंद परिवार की सहायता कर सामाजिक सरोकार का उत्ष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सोशल मीडिया प्रमुख शहनूर आलम द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मसवानी निवासी मोईद सलमानी की आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को संज्ञान में लिया गया। बताया गया कि मोईद सलमानी फुटपाथ पर सैलून का कार्य कर अपने परिवार का भरण—पोषण करते हैं। लंबे समय से अस्वस्थ रहने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर हो गई थी। परिवार में वे ही



एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं, जिसके चलते वे अपनी दुकान के लिए आवश्यक सामान भी नहीं खरीद पा रहे थे। इस स्थिति को देखते हुए शनिवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन एवं प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव स्वयं मोईद सलमानी के पास पहुंचे और उनके रोजगार को पुनः गति देने के लिए सैलून में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। सहायता सामग्री में कैंची, कंघी, रेजर, शेविंग ब्रश, बाल झाड़ने का ब्रश, शेविंग क्रीम, फिटकरी, आटर शेव लोशन, मसाज क्रीम, फव्वारा, तौलिया व बाल काटने वाले कपड़े सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल रहे। सहायता प्राप्त कर भावुक हुए मोईद सलमानी ने डॉ. अनुराग श्रीवास्तव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से उन्हें अपने रोजगार को फिर से सुचारू रूप से संचालित करने में बड़ी मदद मिलेगी।

# नाली निर्माण को लेकर पुलिस को दी शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर में ग्रामीणों ने पुलिस चौकी मझिली को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर खेल के दौरान गाली—गलौज करने और माहौल खराब करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में बच्चे व युवक खेलकूद कर रहे थे, तभी कुछ लोगों ने उन्हें रोकते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इससे गांव के लोगों में नाराजगी फैल गई। शिकायत पत्र में बताया गया है कि खेलकूद को लेकर हुए विवाद के दौरान विजय सिंह और अमर सिंह द्वारा गाली—गलौज किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की घटनाओं से सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों के व्यवहार से गांव का माहौल खराब हो रहा है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण प्रमोद, बुद्धि सहित दर्जनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत पत्र पर कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर भी दर्ज हैं। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दुपट्टा पहिए में फंसने से महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। चांदपुर—हस्तिनापुर मार्ग पर सर्वोदय विद्यालय के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। बताया गया कि चलती मोटरसाइकिल के पहिए में महिला का दुपट्टा फंस जाने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान बेबी शर्मा (पत्नी विवेक शर्मा), निवासी ग्राम खानपुर खादर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बेबी शर्मा अपने जेठ के पुत्र के साथ मायके ग्राम अलाउद्दीनपुर से अपने घर लौट रही थीं, तभी यह हादसा हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**गाड़ी संख्या 04175/04176 सूबेदारगंज-दादर (सप्ताहिक) सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या 04175 सूबेदारगंज-दादर | | | गाड़ी संख्या 04176 दादर-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| रविवार | 16:10 | **सूबेदारगंज** | 05:00 | बुधवार |
| 17:38 | 17:40 | फतेहपुर | 02:58 | 03:00 |
| 19:25 | 19:30 | गोविन्दपुरी | 01:45 | 01:50 |
| 21:20 | 21:22 | इटावा जंक्शन | 22:48 | 22:50 |
| 23:35 | 23:40 | टुण्डला जंक्शन | 21:30 | 21:35 |
| 00:30 | 00:35 | ईदगाह | 19:10 | 19:15 |
| 01:10 | 01:12 | फतेहपुर सीकरी | 18:20 | 18:22 |
| 01:28 | 01:30 | रूपबास | 18:03 | 18:05 |
| 22:40 | सोमवार | **दादर** | मंगलवार | 01:15 |

**अन्य ठहरावः-** उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः बयाना जंक्शन, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जंक्शन, कोटा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, छायापुरी, सूरत, वापी एवं बोरीवली स्टेशनों पर भी ठहराव होगा।

• **सूबेदारगंज से** - गाड़ी संख्या 04175 दिनांक : 21.06.2026 से 12.07.2026 प्रत्येक रविवार • **दादर से** - गाड़ी संख्या 04176 दिनांक : 23.06.2026 से 14.07.2026 प्रत्येक मंगलवार • **गाड़ी संरचना** - सामान्य श्रेणी - 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 01, स्लीपर - 08

**गाड़ी संख्या 04177/04178 सूबेदारगंज-वलसाड-सूबेदारगंज (सप्ताहिक) ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या 04177 सूबेदारगंज-वलसाड | | | गाड़ी संख्या 04178 वलसाड-सूबेदारगंज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| मंगलवार | 05:00 | **सूबेदारगंज** | 19:00 | गुरूवार |
| 06:18 | 06:20 | फतेहपुर | 15:38 | 15:40 |
| 08:05 | 08:10 | गोविन्दपुरी | 14:00 | 14:05 |
| 10:03 | 10:05 | इटावा जंक्शन | 11:48 | 11:50 |
| 12:40 | 12:45 | टुण्डला जंक्शन | 10:25 | 10:30 |
| 13:40 | 13:45 | ईदगाह | 09:00 | 09:05 |
| 10:10 | बुधवार | **वलसाड** | बुधवार | 14:45 |

**अन्य ठहरावः-** उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः बयाना जंक्शन, गंगापुर सिटी, कोटा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, छायापुरी एवं सूरत स्टेशनों पर भी ठहराव होगा।

• **सूबेदारगंज से** - गाड़ी संख्या 04177 दिनांक : 16.06.2026 से 14.07.2026 प्रत्येक मंगलवार • **वलसाड से** - गाड़ी संख्या 04178 दिनांक : 17.06.2026 से 15.07.2026 प्रत्येक बुधवार • **गाड़ी संरचना** - सामान्य श्रेणी - 08, स्लीपर-08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी - 01

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1350/26 (C)



# वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक व महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नगर पालिका परिषद के सामने चार पहिया वाहन ने ई–रिक्शा को टक्कर मार दिया। जिससे रिक्शा चालक व सवार महिला घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार हथगांम थाना क्षेत्र के हरीरामपुर गांव निवासी जगदीश के 25 वर्षीय पुत्र विनोद कुमार ने एक दिन पूर्व नया ई–रिक्शा खरीदा और रिक्शा लेकर सदर कोतवाली क्षेत्र के अस्ती गांव अपनी ससुराल पहुंचा। वहां से आज सवारी की तलाश में निकला तभी कोतवाली क्षेत्र के सदर नगर पालिका के सामने चार पहिया वाहन ने उसके ई–रिक्शे को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे रिक्शा चालक विनोद कुमार व रिक्शे पर कोतवाली क्षेत्र के मसवानी मोहल्ला निवासी सुरेश चंद्र की 50 वर्षीय पत्नी माया देवी दोनों घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं।

# अलग-अलग स्थानों पर बालिका समेत चार को सांप ने काटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बालिका समेत चार लोगों को जहरीले सांप ने डस लिया। जिससे सभी की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने सभी को इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां दो की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सक ने रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के सुधवां गांव निवासी विनोद लोधी की आठ वर्षीय पुत्री रिया अपने परिजनों के साथ षनिवार की सुबह गांव के समीप स्थित खेत गई थी। तभी उसको जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात उसने अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनो ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। बालिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इसी तरह थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव निवासी प्रदीप कुमार की 35 वर्षीय पत्नी सीमा देवी अपने घर की सफाई कर रही थी। तभी वहां छिपे हुए ज़हरीले साँप ने उसको काट लिया। महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने महिला की हालत की गम्भीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद अल्लीपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। इसी तरह असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी स्व. जागेष्वर का 35 वर्षीय पुत्र राम लखन गांव के समीप स्थित अपने खेतों में काम कर रहा था। तभी वहां उसको जहरीले साँप ने काट लिया। परिजनों ने उसको अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसको शहर के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज कराने लेकर चले गए। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर कला गांव निवासी शिया राम की 35 वर्षीय पत्नी रीता देवी आज सुबह अपने घर मे खाना बना रही थी। तभी वहां छिपे हुए ज़हरीले साँप ने उसको काट लिया। एबुलेंस ने रीता देवी को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

# वृद्ध की संदिग्ध मौत पर एसपी ने देखा घटनास्थल

## – अधीनस्थों को निष्पक्ष जांच के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंगदपुर में वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए जांच तेज कर दी है। देर रात पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कर मामले की जानकारी ली तथा मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ज्ञात हो कि बीते ग्यारह जून को ग्राम अंगदपुर में नक्की लाल 70 वर्ष का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी थी। षुक्रवार की देर रात पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को घटना के प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच करने तथा साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर सच्चाई सामने लाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी जाफरगंज सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस टीम विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और मामले से जुड़े तथ्यों को जुटाने में लगी हुई है।

# प्रेम प्रसंग से नाराज भाई ने गला दबाकर ली बहन की जान

## - शव कुएं में फेंक खुद पहुंचा पुलिस चौकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा चौकी इलाके में शनिवार को रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। प्रेम प्रसंग को लेकर नाराज एक भाई ने अपनी ही बहन की गला दबाकर हत्या कर दी और शव को कुएं में फेंकने के बाद खुद पुलिस चौकी पहुंचकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी को गिरतार कर लिया। पुलिस के मुताबिक हसवा चौकी पर शनिवार की सुबह संदीप यादव पहुंचा और उसने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन की हत्या कर दी है। युवक की बात सुनकर पुलिस कर्मी हैरान रह गए। आरोपी ने बताया कि वह अपनी बहन को उसके ससुराल से मायके लाने गया था और रास्ते में उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी तथा शव को एक कुएं में फेंक दिया। सूचना मिलते ही थरियांव पुलिस ने तत्काल युवती के परिजनों को साथ लेकर आरोपी द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर



खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने कुएं से युवती का शव बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जांच में सामने आया है कि मृतका की शादी करीब डेढ़ माह पूर्व राधानगर थाना क्षेत्र में हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी से पहले उसका दूसरे समुदाय के एक युवक से प्रेम संबंध था और वह एक बार उसके साथ घर छोड़कर भी चली गई थी। इसी बात को लेकर परिवार में लगातार तनाव बना हुआ था। आरोपी भाई को आशंका थी कि उसकी बहन दोबारा अपने प्रेमी के साथ चली जा सकती है। पुलिस के अनुसार संदीप अहमदाबाद में रहकर काम करता था और कुछ दिन पहले ही घर आया था। वह अपनी बहन को ससुराल से लेकर मायके आ रहा था। रास्ते में दोनों के बीच बातचीत और कहासुनी हुई। इसी दौरान जब बहन उसकी बात मानने को तैयार नहीं हुई तो उसने गुस्से में आकर उसका गला दबा दिया। मौत होने के बाद आरोपी ने शव को पास के एक कुएं में फेंक दिया और सीधे पुलिस चौकी पहुंचकर पूरी वारदात बता दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। परिजनों की तहरीर पर आरोपी भाई के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरतार कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है तथा एक बार फिर तथाकथित पारिवारिक सम्मान के नाम पर होने वाले अपराधों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियाद

## - अधिकारियों को दिए तत्काल निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस के दौरान प्रशासन और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। थाना कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक स्वयं मौजूद रहे और फरियादियों की शिकायतों की



सुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों, पारिवारिक विवादों तथा अन्य शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। डीएम और एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। इसके लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर जांच करने तथा वास्तविक स्थिति के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं थानाध्यक्षों द्वारा थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने अपने–अपने थानों पर पहुंचकर जन शिकायतों की सुनवाई की और प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। थाना समाधान दिवस के माध्यम से आम नागरिकों को न्याय दिलाने और उनकी शिकायतों का मौके पर समाधान कराने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। थाना समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। प्रशासन की इस पहल से लोगों में भरोसा बढ़ा है कि उनकी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण होगा।

# शेल्टर होम की बदहाल व्यवस्था पर अधिवक्ता ने उठाए सवाल

## - नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर क्षेत्र स्थित आश्रय गृह (शेल्टर होम) मुराईन टोला की अव्यवस्थाओं को लेकर अधिवक्ता एवं पूर्व सभासद दीपक सिंह ने नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष को पत्र भेजकर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने शेल्टर होम में रह रही वृद्ध एवं निराश्रित महिलाओं की समस्याओं को गंभीर बताते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील की है। अधिवक्ता व पूर्व सभासद दीपक सिंह ने अपने पत्र में बताया कि दस जून की रात उन्हें शादीपुर चौराहे पर एक करीब 75 वर्षीय वृद्ध महिला अकेली बैठी मिली। पूछताछ करने पर महिला ने बताया कि वह इलाज के लिए आई थीं, लेकिन देर होने के कारण गांव वापस जाने का कोई साधन नहीं मिल सका। इसके बाद दीपक सिंह उन्हें सरकारी आश्रय गृह में ठहराने के उद्देश्य से मुराईन टोला स्थित शेल्टर होम लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि काफी देर तक आवाज देने के बाद भी मुख्य द्वार नहीं खुला। बाद में शेल्टर होम के केयरटेकर अनुज यादव को फोन करने पर उन्होंने पहुंचकर गेट खोला। जब महिला कक्ष का दरवाजा खोला गया तो वहां का .श्य बेहद चिंताजनक था। कमरे में मौजूद अधिकांश वृद्ध महिलाएं उमस और गर्मी से परेशान थीं तथा पसीने से लथपथ दिखाई दे रही थीं। दीपक सिंह के अनुसार महिलाओं ने बताया कि कमरे की खिड़कियां खोलने पर बड़ी संख्या में मच्छर आ जाते हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। निरीक्षण के दौरान शेल्टर होम में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव सामने आया। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से खिड़कियों पर मच्छररोधी जाली लगाने, कूलर एवं एग्जॉस्ट फैन की व्यवस्था करने, शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने, नियमित फॉगिंग एवं विशेष सफाई अभियान चलाने तथा मुख्य द्वार पर घंटी (बेल) लगवाने की मांग की है। अधिवक्ता ने अपने पत्र में कहा है कि आश्रय गृह में रहने वाले निराश्रित, वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष से जनहित में तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# प्रधान की पहल पर नया ट्रांसफार्मर लगते ही सुजानपुर में छाया उजाला

## - कई दिनों से अंधेरे में डूबे ग्रामीणों को मिली राहत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजानपुर



बहुआ देहात में प्रधान एवं गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल के अथक प्रयासों से कई दिनों से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। मोहल्ले में नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व गांव के एक मोहल्ले में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया था। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर में आग लग गई और वह पूरी तरह जल गया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना ग्राम प्रधान हेमलता पटेल को दी। सूचना मिलते ही हेमलता पटेल मौके पर पहुंचीं और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बहुआ पावर हाउस के अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। उनकी तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पूरा इलाका कई दिनों तक अंधेरे में डूबा रहा। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्राम प्रधान हेमलता पटेल लगातार बिजली विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहीं और ग्रामीणों की समस्या के शीघ्र समाधान के लिए लगातार प्रयास करती रहीं। हेमलता पटेल की सक्रियता और निरंतर पैरवी का ही परिणाम रहा कि शनिवार को बिजली विभाग द्वारा जले हुए ट्रांसफार्मर को हटाकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल होते ही पूरे मोहल्ले में खुशी की लहर दौड़ गई। बिजली आने से पंखे और अन्य विद्युत उपकरण चलने लगे, जिससे गर्मी से बेहाल ग्रामीणों को राहत मिली। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान हेमलता पटेल की कर्तव्यनिष्ठा, जनसेवा और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रधान ने समय रहते पहल न की होती तो समस्या लंबे समय तक बनी रह सकती थी। ग्रामवासियों ने हेमलता पटेल के प्रयासों को जनहित में सराहनीय बताते हुए कहा कि उन्होंने एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की भूमिका का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर किशोरी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के कटरा गांव के समीप स्थित अपने आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय किशोरी नीचे गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी संतोष कुमार की 13 वर्षीय पुत्री मोनी देवी गांव के समीप स्थित अपने आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रही थी। तभी उसका पेड़ की डाल पर से पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचे गिर घायल हों गई। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त अपने प्राइवेट वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर किशोरी का इलाज कर रहे हैं।

# बाइक का टायर फटने से महिला गिरकर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 पर महिचा मंदिर के समीप चलती बाइक का अचानक टायर फट गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार किशनपुर थाना क्षेत्र की गढ़ा गांव निवासी घनश्याम का 20 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र कुमार अपनी 22 वर्षीय बहन किरन देवी पत्नी हरिश्चंद्र खखरेरू थाना क्षेत्र के चन्दनमऊ गांव निवासी को बाइक पर सवार कर घर से किसी काम के लिए शहर आ रहा था। जब उसकी बाइक खागा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 पर महिचा मंदिर के समीप पहुंची तभी चलती बाइक का अचानक पिछला टायर फट गया और बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार किरन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स ने घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने महिला की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला, महिला सहित दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के अन्दौली गांव के समीप स्थित खेत में काम करने गए किसान पर मधु मक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। जिससे महिला सहित दो लोग घायल हो गए ग्रामीणों ने किसी तरह आग जलाकर मधुमक्खियों के चंगुल से मुक्त करा उनको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अन्दौली गांव निवासी स्व. भोला का 65 वर्षीय पुत्र रामस्वरूप और राम शरन की 50 वर्षीय पत्नी सुमित्रा देवी गांव के समीप स्थित अपने खेत में मूँग की फली तोड़ने गई थी। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। जिसकी जानकारी उसकी ग्रामीणों को हुई तो आग जलाकर मधुमक्खियों को भगा कर हादसे की जानकारी रामस्वरूप के पुत्र सन्तोष को दिया। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे पुत्र ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं एम्बुलेन्स के ईएमटी दिनेश कुमार व पायलेट सुमित ने घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। अस्पताल में घायलो का इलाज करवा रहे पुत्र सन्तोष ने घटना की जानकारी दिया।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के भवानीपुर गांव के समीप तेज रतार अज्ञात वाहन बाइक सवार को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव निवासी नरेंद्र सिंह उर्फ राजन का 43 वर्षीय पुत्र जितेंद्र सिंह बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक भवानीपुर गांव के समीप पहुंची तभी तेज रतार अज्ञात वाहन उसकी बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के पिता ने बताया कि बेटा बड़ौरी टोल प्लाजा में नौकरी करता था। किसी काम से बाइक पर सवार होकर घर से निकला था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद से मृतक की पत्नी सोनू सिंह व 9 वर्षीय पुत्री प्रज्ञा व 6 वर्षीय पुत्र दीपेंद्र और डेढ़ वर्षीय सोमेंद्र का रो–रोकर हाल बेहाल है।

# युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के बुधईयापुर गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। परिजन अपने प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बुधईयापुर गांव निवासी राजू के 23 वर्षीय पुत्र राम को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तो घर मे हड़कम्प मच गया। तुरंत परिजनो ने उसको इलाज के लिए अपने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया तो वहीं साथ आए परिजन उसको शहर के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज कराने लेकर चले गए।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )